

आज होलिका दहन

दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-35 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 13 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# मोहन सरकार ने पेश किया 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट

## कोई नया टैक्स नहीं लगाया





भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और न ही किसी भी कर की दर बढ़ाना प्रस्तावित किया गया है।वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व प्राप्तियों का बजट अनुमान रुपए 2 लाख 90 हज़ार 879 करोड़ है। राजस्व प्राप्तियों में राज्य करों से प्राप्तियां, रुपए 1 लाख 9 हज़ार 157 करोड़ तथा केन्द्रीय करों में प्रदेश के हिस्से के अंतर्गत प्राप्तियां, रुपए 1 लाख 11 हजार 662 करोड़ अनुमानित हैं। कर भिन्न राजस्व प्राप्तियां, रुपए 21 हजार 399 करोड़ तथा केन्द्र सरकार से सहायक अनुदान अंतर्गत प्राप्तियां, रुपए 48 हज़ार 661 करोड़ अनुमानित हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश के स्वयं के कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व में, वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान की तुलना में लगभग 6.4 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है। राजस्व प्राप्तियों का वर्ष 2024-25 का बजट अनुमान रुपए 2 लाख 63 हज़ार 344 करोड़ रहा है, जिसमें रुपए 27 हज़ार 535 करोड़ की वृद्धि कर वर्ष 2025-26 के लिये रुपए 2 लाख 90 हज़ार 879 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।वर्ष 2025-26 के लिये कुल विनियोग की राशि रुपए 4 लाख 21 हज़ार 32 करोड़, राजस्व व्यय रुपए 2 लाख 90 हज़ार 261 करोड़ तथा पूंजीगत परिव्यय रुपए 85 हज़ार 76 करोड़ प्रस्तावित है। सामाजिक, आर्थिक उत्थान की योजनाओं के लिये वर्ष 2025-26 के लिये समग्र रूप से बजट अनुमान रुपए 2 लाख 01 हज़ार 282 करोड़ है। मुख्य शीर्षवार बजट अनुमान खण्ड-1 में उपलब्ध है। वर्ष 2024-25 का कुल व्यय बजट अनुमान रुपए 3 लाख 26 हज़ार 383 करोड़ का है, जिसमें रुपए 48 हज़ार 954 करोड़ की वृद्धि कर वर्ष 2025-26 के लिये रुपए 3 लाख 75 हज़ार 337 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

### खास और बड़ी घोषणाएं

11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज और 22 आईटीआई खुलेंगे।

1 अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री किसान सहायता के लिए 5220 करोड़ का प्रावधान। लाड़ली बहनों की राशि नहीं बढ़ेगी। पेंशन योजना से जोड़ी जाएंगी। प्रदेश के 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 3 लाख नौकरियां मिलेंगी। सीएम युवा शक्ति योजना के तहत प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम खोला जाएगा। धार में डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान और डिंडोरी में जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान शुरू होंगे।

### किस योजना को क्या मिला

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 18669 करोड़ रुपए का प्रावधान।- आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपए।- मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में 145 करोड़ रुपए का प्रावधान।- गो संवर्धन एवं पशुओं का संवर्धन योजना के लिए 505 करोड़ रुपए का प्रावधान।- किसानों को सहकारी बैंकों से ब्याज मुक्त ऋण के लिए 694 करोड़ रुपए का प्रावधान।

### बजट में किसके लिए-क्या प्रावधान

- प्रदेश में 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इनसे 3 लाख से अधिक रोजगार मिलेंगे।- आगामी 5 वर्ष में उद्योगों को लगभग 30 हजार करोड़ के इंसेंटिव दिए जाएंगे।- गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों के लिए योजनाओं का पैकेज दिया जाएगा। राज्य स्तरीय बीमा समिति का गन करेंगे।- प्रसूति चिकित्सा, विवाह और अंत्येष्टि सहायता के अंतर्गत लगभग 3,917 करोड़ के हितलाभ दिए गए।

### कुपोषण मिटाने महिला मुखिया को हर महीने 1500 रुपए

- विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना में 53 हजार से अधिक आवास बनाए हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे। 11 लाख परिवार लाभांवित हैं।- धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान को लागू किया जाएगा।

इससे 259 विकासखंडों के 11377- बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों को कुपोषण से मुक्ति आहार अनुदान के तहत 2.20 लाख महिलाओं के खातों में 1500 रुपए दिए जा रहे हैं। गांवों का कायाकल्प किया जाएगा। इससे 19 लाख जनजातीय परिवारों समेत 94 लाख परिवार लाभांवित होंगे। इसके लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## होली पर खरीदारी को लेकर गुलजार हुए बाजार, रंग-बिरंगे गुलाल और पिचकारियां बनी आकर्षण का केंद्र



भोपाल (निप्र) । देश में आपसी सौहार्द और भाईचारे का पर्व होली अब नजदीक आ गया है। होली के मद्देनजर बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। वहीं, बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है। होली का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। बाजारों में तरह-तरह की आकर्षक पिचकारियां और हर्बल रंगों की खूब बिक्री हो रही है। व्यापारी अपनी दुकानों को सजाकर पिचकारियां, अबीर और गुलाल बेच रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोग बच्चों के लिए इन पिचकारियों को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है।बता दें कि देशभर में रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। होली खेलने के लिए केमिकल मुक्त गुलाल की मांग होने लगी है।

## संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत, जानें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने क्या कहा



प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है।इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए। मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर इस कार्य को कराने का आदेश दिया और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।यह आदेश इस तर्क पर आधारित है कि मस्जिद की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जा सकता है, बशर्ते इसमें कोई संरचनात्मक बदलाव न किया जाए या किसी ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान न पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ में मिली कैश से भरी कार, नोटों की गड्डियां देख पुलिसकर्मी भी हैरान



रायपुर (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कार से 1.5 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। यह घटना मंगलवार रात की है, जब पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस ने बताया कि सफेद रंग की एक इनोवा कार (क्रमांक 23 23 BH886J ) को अमानका चेक पॉइंट पर रोका गया। जांच के दौरान कार में एक सूटकेस और बैग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिलीं। 500, 200 और 100 रुपये के नोटों की गड्डियां देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। एसपी अमन झा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, "आज एक सफेद रंग की इनोवा को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें कैश मिला। गाड़ी को थाने ले जाकर जब पूरी तरह से जांच की गई तो भारी मात्रा में नकद बरामद हुआ। 500, 200 और 100 रुपये के नोटों की गड्डियां थीं। "पुलिस ने नोटों की गिनती मशीनों से कराई, जिसके बाद कुल 1.5 करोड़ रुपये की नकदी होने की पुष्टि हुई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह पैसा किसका है और इसे कहां ले जाया जा रहा था। एसपी झा ने बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि नकदी को वैध तरीके से ले जाया जा रहा था या अवैध तरीके से। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मैहर में सड़क हादसा ! ट्रक ने बाइक सवार को उड़ाया, 2 की मौत.1 घायल

मैहर ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मैहर जिले के कैथहा गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. एक छोटे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग गया. मालूम हो कि हादसा इतना भयानक था कि बचने का मौका नहीं मिला. चश्मदीदों की मानें तो टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवारों को संभलने का कोई मौका नहीं मिला. घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी.




**पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू की**

सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है. मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. पुलिस हादसे की वजह भी जानने की कोशिश कर रही है.

गौरतलब है कि बीते दिन भी मैहर ज़िले में अजीबोरगरीब हादसा हो गया था. जहां एक घर में अचानक आग लग गई थी. आग कैसे लगी किसी को भी नहीं पता लेकिन हादसे में एक साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई.।

# सरकार ने बताई रेलवे की उपलब्धि, विपक्ष बोला - नहीं मिल रही हादसों से मुक्ति

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा में बुधवार को रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि बीते 10 साल के दौरान रेल नेटवर्क में सराहनीय वृद्धि हुई है। वहीं, विपक्ष के सांसदों ने सुरक्षा और रेल यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रेल हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

मध्य प्रदेश से भाजपा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि साल 2023 तक भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज नेटवर्क का 85 फीसदी से अधिक विद्युतीकरण हो चुका था, जबकि साल 2014 में यह केवल 45 प्रतिशत था। इसके साथ ही भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े हरित रेल नेटवर्क में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि 30 हजार किलोमीटर से अधिक नई पटरियां बिछाई गई हैं और 15 हजार किलोमीटर से अधिक मार्गों का दोहरीकरण कर लिया गया है। इससे रेलवे की दक्षता में वृद्धि हुई है।

माया नारोलिया ने कहा कि 2024 तक 51 वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो चुकी है। ये ट्रेनें विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस हैं और 160-180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम हैं।



राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि अभी होली का त्योहार है और हर ट्रेन में क्षमता से ज्यादा लोग हैं। उन्होंने रेल में लोगों को सुविधाएं देने की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने कहा कि टिकट की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रीमियम ट्रेनें चलाना अच्छी बात है, लेकिन जो पुरानी पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, उन्हें बंद नहीं करना चाहिए, उनमें कोच की संख्या कम नहीं की जानी चाहिए।

पहले प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए तेलंगाना से कांग्रेस सांसद अनिल कुमार यादव ने कहा पं. जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय रेल का राष्ट्रीयकरण किया था। उन्होंने कई रेलवे जोन स्थापित किए। वहीं, इंदिरा गांधी के कार्यकाल में पहली राजधानी ट्रेन चलाई गई। इंदिरा गांधी ने ही कोलकाता में पहली मेट्रो रेल का उद्घाटन किया था।

यादव ने कहा कि लोग आज यात्री ट्रेन में यात्रा करने से डर रहे हैं। यात्रियों के इस डर का एक बड़ा कारण लगातार होते रेल हादसे हैं। पिछले छह महीने में ही कई रेल हादसे हुए हैं।

उन्होंने बीते दो साल में हुए कई रेल हादसों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फरवरी 2024 में जम्मू के कटरा से होशियारपुर रूट पर बिना ड्राइवर एक मालगाड़ी चली गई। 60 किलोमीटर चलने के बाद इस ट्रेन को रोका जा सका।कांग्रेस सांसद ने कहा कि 16 फरवरी 2025 को जिस तरह से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अंदर भगदड़ मची, उसमें 18 लोगों की मौत हुई। इसका जिम्मेदार कौन है? वे लोग कुंभ जाना चाहते थे, वहां जाकर कुंभ में स्नान करना चाहते थे।




## ईदगाह हिल्स इलाके के मल्टी में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में आरोपी अतुल, मां और बहन दोषी करार

भोपाल (आरएनएस)। ईदगाह हिल्स इलाके के मल्टी में 5 साल की मासूम बच्ची से रेप के बाद हत्या करने के मामले में आरोपी अतुल निहाले और सबूत मिटाने की आरोपी उसकी मां बसंती बाई और बहन चंचल भालसे को सोमवार को दोषी करा दिया गया है। विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की कोर्ट से सजा का ऐलान आज (बुधवार) को होना था। इस केस में अब 17 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। फ्लिहाल फैसला टाइप नहीं हो सका है। बुधवार को तीनों आरोपियों को पेशी के दौरान कोर्ट लाया गया था।अभियोजन के अनुसार, 24 सितंबर को 5 साल की बच्ची का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म कर उसकी जघन्य हत्या कर दी गई थी। बालिका का शव उसी की मल्टी के एक बंद फ्लैट में मिला था। आरोपी द्वारा बालिका की दुष्कर्म करने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने जांच के बाद फ्लैट में रहने वाले अतुल निहाले उसकी मां बसंती बाई और बहन चंचल भालसे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने मामले की विवेचना करने के बाद 20 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र दायर किया था। पुलिस ने अभियोग पत्र के साथ डीएनए टेस्ट रिपोर्ट मेडिकल रिपोर्ट अन्य दस्तावेज और पीड़िता के परिजनों, चिकित्सकों और पुलिसकर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची भी पेश की थी।आरोपी अतुल बच्ची की दादी के फ्लैट के ठीक सामने वाले फ्लैट में रहता था। आरोपी ने रेप के बाद गला घोंटकर बच्ची की हत्या कर उसके शव को पानी की टंकी में छिपा दिया था।

## राबड़ी देवी ने CM नीतीश को बताया भंगेड़ी, बोलीं-भांग पीकर विधानसभा आते हैं, हमें बेइज्जत करते हैं



पटना (ए.)। बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बीच टकराव देखने को मिला। इसके बाद सदन से बाहर निकली राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश भंगेड़ी हैं। वह भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वह महिलाओं को अपमानित करते हैं। दरअसल, बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हुआ है। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने राजद सरकार को लेकर बोलना शुरू किया। इसके बाद राजद के सदस्य सदन से बाहर निकल गए।राबड़ी देवी ने बाहर आकर पत्रकारों से कहा, "नीतीश कुमार कुछ भी बोलते रहते हैं। महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने सदन में हमें भी अपमानित किया। नीतीश कुमार कहते हैं कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था? उन्होंने केवल मेरा नहीं, पूरे बिहार की महिलाओं का अपमान किया है।"उन्होंने कहा कि 2005 के पहले काम नहीं होता था, फाइल देखिए कि क्या-क्या काम हुआ था। बिहार की जनता नहीं जानती है क्या? हम लोगों ने महिलाओं, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यकों, सभी के लिए काम किए हैं। उन्होंने कहा कि क्या नीतीश कुमार 2005 के पहले नहीं थे? पत्रकारों से भी उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पहले हुए कामों को नहीं देखा है क्या? पहले बाजार, हाट नहीं था, तो व्यापार कैसे होता था उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दो बार सदन में हमें अपमानित कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री के पीछे पांच-छह लोग हैं, जो उन्हें सिखाते हैं, वही सीएम बोलते हैं। सीएम भाजपा की गोद में हैं और वही लोग कान भरते हैं। इनकी पार्टी के भी तीन-चार लोग हैं, जो उनके कान में फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार को उनके ही लोग बेइज्जत कराते रहते हैं। वही सिखाते हैं कि ऐसे बोलिए। सीएम के बयान के बाद हम लोगों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

## जम्मू-कश्मीरः सांबा में पाकिस्तानी झंडे वाला गुब्बारा मिला, हड़कंप मचा




जम्मू (ए)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को अंरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के भारतीय हिस्से में पाकिस्तानी झंडे और नाम वाला एक गुब्बारा मिला। अधिकारियों ने बताया कि सांबा जिले के घगवाल सेक्टर के पलौना गांव में बुधवार सुबह एक संदिग्ध गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया।अधिकारियों ने बताया, "गुब्बारे पर पाकिस्तान का नाम और झंडा था। यह गुब्बारा गांव की एक महिला को खेतों में मिला था। गुब्बारा मिलने के बाद महिला ने तुरंत स्थानीय लोगों और घगवाल पुलिस चौकी को इसकी सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर गुब्बारे को जब्त कर लिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि यह गुब्बारा कहां से आया और इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। इससे पहले भी सीमावर्ती इलाकों में इस तरह के गुब्बारे मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।



# मध्यप्रदेश जैव विविधता संरक्षण के साथ वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत उदाहरण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश में 9 हुए टाइगर रिजर्व, वन्य जीव संरक्षण हुआ सशक्त



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश ने वन्य जीव संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शिवपुरी स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान को प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 58वें और मध्यप्रदेश के नौवें टाइगर रिजर्व की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा, भारत वन्य जीव विविधता से समृद्ध है, यहां की संस्कृति वन्य जीवों का सम्मान करती है। हम हमेशा पशुओं की रक्षा करने में सबसे आगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार वन्यजीवों और पर्यावरण के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व के शुभारंभ के प्रतीक पर स्वरूप एक बाघिन को स्वच्छंद विचरण के लिए मुक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नए बाघ अभयारण्य को विकसित करते समय अन्य प्रजातियों के सह-अस्तित्व को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह कोई चिड़ियाघर नहीं है, बल्कि एक खुला आवास है, जो वन्य जीवों और आम जनता दोनों के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में मानव और वन्य जीवों के सह-अस्तित्व का अनोखा परिदृश्य मौजूद है। इस कदम से बाघों के संरक्षण को नया बल मिलेगा और जैव विविधता को सहेजने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व म.प्र. के प्राकृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### वन एवं वृक्ष आवरण में अग्रणी मध्यप्रदेश

'भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023' के अनुसार, मध्यप्रदेश 85,724 वर्ग किलोमीटर वन और वृक्ष आवरण के साथ देश में शीर्ष स्थान पर है। राज्य का वन आवरण क्षेत्र 77,073 वर्ग किलोमीटर है, जो देश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले 1973 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम लागू किया था। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की संभावित सूची में शामिल किया गया है।

### मध्यप्रदेश में सबसे अधिक टाइगर रिजर्व

मध्यप्रदेश में सबसे अधिक 9 टाइगर रिजर्व हो गए हैं। इनमें कान्हा, पेंच, बांधवगढ़, पन्ना, सतपुड़ा, वीरांगना दुर्गावती, संजय-डुबरी, रातापानी और अब माधव टाइगर रिजर्व शामिल हैं। प्रदेश में 11 नेशनल पार्क, 24 अभयारण्य हैं। सफेद बाघों के संरक्षण के लिए मुकुंदपुर में व्हाइट टाइगर सफारी विकसित की गई है।

### प्रदेश में टाइगर रिजर्व की यात्रा को हुए 52 वर्ष

प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व में सबसे पहले 1973 में कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। इसके बाद पेंच टाइगर रिजर्व-1992, पन्ना टाइगर रिजर्व-1993-94, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व-1993-94, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व-1999-2000, संजय टाइगर रिजर्व-2011, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व-2023, रातापानी टाइगर रिजर्व-2024 और माधव टाइगर रिजर्व-2025 में घोषित किये गए।

### पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

नवीन रातापानी और माधव टाइगर रिजर्व के विकास से इन क्षेत्रों में न केवल वन्यजीवों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। दोनों ही रिजर्व शहरों के नजदीक है। रातापानी प्रदेश की राजधानी भोपाल और माध्व रिजर्व शिवपुरी के नजदीक है।

### मानव-वन्य जीव संघर्ष को कम करने की योजना

मध्यप्रदेश सरकार ने वन्य जीव संरक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए वन्य जीव कॉरिडोर विकसित किए हैं। साथ ही, 14 रीजनल और 1 राज्य स्तरीय रेस्क्यू स्क्वॉड गठित किया गया है। मानव-वन्य जीव संघर्ष के मामलों में क्षतिपूर्ति राशि 8 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है।



भोपाल शहर में होली उत्सव को लेकर होलिका दहन की तैयारी एवं बंजारों में खरीदारी करते हुए लोग।

## दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन की तलाश जारी

### -उछलकर दूर गिरने से मृतक का सिर फटा, पैर भी टूट गये

भोपाल(ए)। मिसरोद थाना इलाके में हुए दर्दनाक हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है की उसे किसी वाहन ने टक्कर मारी है, या फिर वह खुद ही बाइक सहित स्लिप होकर हादसे का शिकार हुआ है। थाना पुलिस के अनुसार विनित डालमिया नामक व्यक्ति ने रात करीब 10 बजे कलियासोत नदी के पुल के पास नर्ममदापुर रोड समरधा और कलियासोत ब्रिज के बीच सड़क हादासा होने की सूचना दी थी। खबर मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो रोड पर एक बाइक पड़ी हुई थी, और उसके करीब बीस मीटर की दूरी पर एक युवक की लाश थी। मृतक की तलाशी लेने पर मोबाइल और आधार कार्ड मिला था। उसके आधार पर उसकी पहचान सीताराम मरकाम पिता स्वर्गीय रतनलाल मरकाम (24) निवासी ग्राम सगौर थाना गैरतगंज के रूप में की गई।

## विविध-समाचार

### कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

भोपाल (आरएनएस)।कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी बैंकों को क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो बढ़ाने के निर्देश दिए कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकिंग मापदंडों की समीक्षा की गई। स्वनिधि भी स्वाभिमान भी अभियान की प्रगति पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिवस में पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री टंटया मामा, बिरसा मुंडा, डॉ. अंबेडकर, संत रविदास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अग्रणी जिला प्रबंधक आलोक चक्रवर्ती, एलडीओ आरबीआई प्रखर उपाध्याय, डीडीओ नाबार्ड जसप्रीत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन एवं मत्स्य पालन कार्ड के माध्यम से हितग्राहियों को लाभांवित करें।

कलेक्टर सिंह ने सभी बैंकों को 31 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### संभागायुक्त ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए

भोपाल(आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन और क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र समय पर खुलें और बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जाए।संभागायुक्त सिंह ने आज कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग नकी जहां कुरैशी और सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए कहा।

### ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने बच्चों को बाटे पिचकारी और गुलाल

भोपाल (आरएनएस)। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल ने आगामी होली के त्योहार को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को पिचकारी और गुलाल वितरित किया। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरा स्थित गोविंद गार्डन में किया गया, जहां बच्चों को पहले स्वल्पाहार कराया, उसके बाद होली की शुभकामनाएं देते हुए पिचकारी और गुलाल भेंट किए। इस मौके पर मंडल के कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। इनमें सचिन सेवारमानी, गुड्डू अग्रवाल, गजेंद्र ठाकुर, राधेश्याम कैलाशिया, सचिन आर्य, कपिल ग्वाला, जनार्दन शर्मा, भरत रामचंदानी, सत्य नारायण अग्रवाल, मुकेश रैकवार, उमेश अग्रवाल, अवनीश वर्मा और प्रदीप सोनी सहित अन्य कई सदस्य शामिल थे।

## जब विधानसभा में भाजपा विधायकों ने ही पूछे अपनी सरकार से सवाल, कांग्रेसियों ने किया वॉक आउट

भोपाल (आरएनएस)। जब विधानसभा में भाजपा विधायकों ने ही पूछे अपनी सरकार से सवाल, कांग्रेसियों ने किया वॉक आउट मध्य प्रदेश की विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विपक्ष ने वॉक आउट किया. इस दौरान राज्यपाल के अधिवेशन पर चर्चा हो रही थी. सदन में बीजेपी के मंत्री विधायक बैठे रहे. विपक्षी के विधायकों ने सदन के बाहर आकर जमकर हंगामा किया. इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के नदारत होने पर आपत्ति जताई.विपक्ष ने कहा कि अधिकारियों को सदन की गंभीरता नहीं है. प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी सदन से गायब हैं, जबकि हर विभाग के प्रमुख सचिव को बैठना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकतंत्र की भाजपा सरकार हत्या कर रही है।

भाजपा विधायक ने ही सरकार से पूछे सवाल

बजट सत्र में बीजेपी विधायकों ने ही अपनी सरकार के सामने मुश्किल खड़ी कर दी. सदन में उन्होंने पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक अजय विश्नोई के ध्यानाकर्षण में धान खरीदी में हुई गड़बड़ी को लेकर सरकार से सवाल पूछा. विश्नोई के सुर में सुर मिलाते हुए वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि गड़बड़ी होती है. सरकार ठीक करेगी, कई स्थानों पर गड़बड़ी हुई है और मैंने सुझाव दिया है. धान और उपार्जन को लेकर धान उठाने की पर्ची कटती है, ट्रांसपोर्ट का चार्ज दिया जाता है, लेकिन धान नहीं उठाया जाता है. बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हो रही है.उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों के कारण समितियां डिफॉल्टर हुई, उन कर्मचारियों को दूसरी खरीदी में लगा दिया जाता है. उन्होंने धान खरीदी की जिम्मेदारी स्व सहायता समूह की बहनों को दिए जाने की वकालत की. इस पूरे मामले में अपनों से घिरी सरकार की ओर से मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश में सदन के अंदर कोई किसी को नहीं घेरता, अब जनता के मुद्दे उठते हैं. गड़बड़ी का मामला निकल कर सामने आया है और सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं. करवाई भी की जा रही है।

## किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर बना है बजट : कृषि मंत्री श्री कंषाना

भोपाल (आरएनएस)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने प्रदेश के बजट वर्ष 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। बजट में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 5220 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अटल कृषि ज्योति योजना के अंतर्गत 13909 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए 5 हॉर्स पावर के कृषि पंपों, थ्रेसरों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निशुल्क विद्युत प्रदाय की प्रतिपूर्ति के अंतर्गत 5299 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के अंतर्गत 1000 करोड़, समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस का भुगतान के अंतर्गत 1000 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 850 करोड रुपए सहित कई प्रावधान किए गए हैं।

## विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट : मंत्री श्री सिलावट

### बजट में जल संसाधन विभाग के लिए 9196 करोड़ रूपये का प्रावधान



भोपाल (आरएनएस)। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकसित मध्यप्रदेश 2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है। वित्त एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा आज वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि वर्ष 2024-25 के बजट की तुलना में इस बजट में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट प्रावधान 7248 करोड़ 17 लाख 3 हजार रूपये था, जिसे इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाकर 9196 करोड़ 21 लाख 58 हजार रूपये किया गया है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत बांध तथा संलग्न कार्य के लिए रूपये 3930 करोड़, कार्यपालिक स्थापना के लिए रूपये 1225 करोड़, नहर तथा उससे संबंधित निर्माण कार्य के लिए रूपये 1061 करोड़, केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए रूपये 700 करोड़, लघु एवं लघुतम सिंचाई योजनाएं के लिए रूपये 501 करोड़, कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के लिए रूपये 300 करोड़, लघु सिंचाई योजना के लिए रूपये 200 करोड़, बांध तथा नहरें के लिए रूपये 193 करोड़, नहरें तथा तालाब के लिए रूपये 162 करोड़, अन्य लघु सिंचाई निर्माण कार्य के लिए रूपये 140 करोड़, सुधार सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्स्थापना के लिए रूपये 128 करोड़, चेटीखेड़ा मध्यम परियोजना के लिए रूपये 90 करोड़, टेम मध्यम परियोजना के लिए रूपये 75 करोड़, निर्वाचित कृषक संस्थाओं को राशि की व्यवस्था के लिए रूपये 58 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि के लिये पर्याप्त सिंचाई सुविधा आवश्यक है। प्रदेश में सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। नहरों के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे सिंचाई जल के वाष्पीकरण एवं अन्य मानवीय हस्तक्षेपों के कारण हो रहे जल अपव्यय को कम करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति एवं दाबयुक्त पाइपों के माध्यम से सिंचाई जल के उपयोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश में उपलब्ध सिंचाई सुविधा को वर्ष 2029 तक 100 लाख हेक्टेयर किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर मिले जल हमारा तुम्हारा के प्रयासों से नदियों को जोड़कर सिंचाई क्षेत्र में ऐतिहासिक काम होने जा रहा है। इन प्रयासों से नदियों को सदानीरा स्वरूप प्राप्त होगा।

## जावद में आज गुरुवार को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

### -10 से अधिक कवि-कवित्रियां एक साथ एक मंच पर रहेंगे मौजूद, सभी श्रोत्राओं के लिए होगी कुर्सियों पर बैठने की व्यवस्था

जावद (आरएनएस)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कल होलिका दहन 13 मार्च 2025 गुरूवार को रात्रि 8 बजे श्री परकोटा हनुमान मंदिर के पास अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा। प्रेस क्लब संरक्षक नारायण सोमानी, सचिव राहुल सिसोदिया ने बताया है कि इस बार प्रेस क्लब जावद के तत्वावधान में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में नगर में 10 से अधिक नए नए कवि-कवियत्रियां पहली बार कवि सम्मेलन के मंच पर एक साथ नजर आएंगे, जिसमें एक साथ 3 कवियत्रियां मंच पर दिखाई देंगे जो अपने आप में एक रिकार्ड कायम होगा। मुख्यरूप से रजनीश शर्मा (मालवी हास्य) सीतामऊ, तबस्सुम अश्क (गीत गजल) उज्जैन, मनोहर मन्नू (हास्य संचालन) तोफ़ख़ेड़ा, दिव्यांश जैन (हास्य फ्टाखा) रतलाम, दीपशिखा रावल (ओज), प्रियांशी पूर्णिमा (श्रृंगार) कालापिपल, विनोद 9560 हास्य सम्राट मंदसौर, अशोक जैन जय जिनेंद्र इंदौर, अंकित दीवाना (ओज), नरेंद्र शर्मा (करूण वीर रस) कोटा, योगेश शर्मा (वीर रस) सूत्रधार सहित अन्य कवि-कवियत्रियां एक से बढकर अपनी अपनी मधुर आवाज से श्रोत्राओं को गुद-गुदाएंगे। कवि सम्मेलन के दौरान सभी के लिए मसालेदार चाय, पोहा, जलपान की व्यवस्था एवं सभी श्त्राओं के बैठने के लिए कुर्सियां रहेगी। महिलाओं के बैठने की अलग से व्यवस्था रहेगी। प्रेस क्लब जावद संरक्षक नारायण सोमानी, अध्यक्ष ओमप्रकाश कसेरा, उपाध्यक्ष नोशाद अली, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, सचिव राहुल सिसोदिया, सहसचिव अंकित जैन, कोषाध्यक्ष आशीष बैरागी, प्रवक्ता विजयसिंह चौहान कार्यकारिणी सदस्य प्रितेश सारडा, श्याम सारडा, गोपाल नरवाडिया, मेहमूद हुसैन, युवराज नामदेव, राजेश बंटी बैरागी, विधि सलाहकार शांतिलाल प्रजापत ने नगर एवं आसपास क्षेत्र के रहवासियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन को सफ्ल बनाए।




सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 अनुकम्पा नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति आदेश प्रदान किये

### पैक्स कंप्यूटराइजेशन के सफल क्रियान्वयन के लिए पैक्स प्रबंधकों को मिलेगी 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि

भोपालग(आरएनएस) ।मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी के प्रयोग में अग्रणी रहा है। केंद्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। वर्तमान में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के डिजिटाइजेशन एवं सॉफ्टवेयर आधारित अंकेक्षण का कार्य प्रगति पर है।सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित स्टेट लेवल इम्प्लीमेंटेंशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलआईएमसी) की बैठक मंत्रालय में हुई। समिति ने सर्व सम्मति से पैक्स प्रबंधकों/ सहायक समिति प्रबंधकों को एकबारगी राशि 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसके लिए 15 मई 2025 तक पैक्स को ई-पैक्स (तातारीख़ सॉफ्टवेयर पर कार्यशील होना) घोषित किया जाना अनिवार्य होगा।

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हुई अंतर्विभागीय कार्यशाला

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन 11 मार्च को पर्यावरण एवं नियोजन संगठन (एपको ) में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में शासकीय एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग, इंडियन इंस्टीट्यूट आफसाइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, यूनिसेफ, कुक्कुट पालन विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी, पुलिस विभाग, मलेरिया विभाग, नगर निगम, जेल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में यूनिसेफ द्वारा विशेष रूप से सहयोग दिया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि पर्यावरण को हो रहा नुकसान भविष्य की सबसे गंभीर समस्या है। इस दिशा में आज ही सचेत होना जरूरी है। आने वाले पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा उपहार स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण है। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हो रहे दुष्प्रभावों को रोकने के लिए सभी विभागों और गैर सरकारी संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग पर्यावरण असंतुलन से होने वाली बीमारियों के उपचार के साथ साथ जागरूकता कार्यक्रमों को भी चला रहा है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि पर्यावरण में होने वाले बदलावों के कारण फ्लों, सब्जियों और अनाजों की पौष्टिकता में कमी आ रही है। साथ ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषण श्वसन तंत्र, त्वचा, आंखों की बीमारियों के साथ साथ क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज (सीओपीडी) का प्रमुख कारण है। जिससे क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और अस्थमा जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। पर्यावरण प्रदूषण से असंचारी रोग भी बढ़ रहे हैं। पर्यावरण को प्रदूषित कर हम अगली पीढ़ी के लिए बीमारियां छोड़ रहे हैं।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने हार्निया मरीज की शिकायत पर डॉक्टर को फटकारा

खंडवा (आरएनएस)। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सुनवाई की और कई मामलों का तत्काल निराकरण किया। इस दौरान अतिक्रमण की शिकायत लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि तुम्हें जेल भी भेज सकते हैं। वहीं, एक हार्निया मरीज की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला अस्पताल के डॉक्टर को फटकार लगाई और एक हफ्ते के भीतर ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए।

गुड़ी रेंज के ग्राम रामपुरी निवासी भाईलाल बारेला ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी कब्जे की जमीन पर जेसीबी चला दी गई। इस पर कलेक्टर ने तुरंत उसे टोकते हुए कहा कि तुम्हारा कब्जा अवैध है, अभी गड्ढे खुदवाए हैं, आगे जेल भी भेजेंगे।

इसी तरह शहर के सिविल लाइन क्षेत्र निवासी एक महिला ने शिकायत की कि उसके घर के सामने अतिक्रमण है। नगर निगम की टीम ने मेरा अतिक्रमण तोड़ दिया लेकिन पड़ोसी का नहीं तोड़ा है। इस पर कलेक्टर ने महिला से कहा कि सामने वाले के अतिक्रमण से आपकों को क्या परेशानी है। इस पर महिला ने चुप्पी साध ली। कलेक्टर ने महिला से कहा कि आप मेरे कंधे पर बंदूक रखकर पड़ोसी का नुकसान करवाना चाहती हैं। निगम के इंजीनियर वर्षा घिघोड़े को बुलाया और कहा कि समस्या जायज हो तो कार्रवाई कीजिए।

## त्योहारों को लेकर पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला

राजगढ़ (आरएनएस)। जिले के खिलचीपुर में होली और रंगपंचमी को लेकर पुलिस ने कड़ी चौकसी शुरू कर दी है। मंगलवार शाम को थाना प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस का फ्लैग मार्च इमली स्टैंड से शुरू हुआ, जो दांगी दरवाजा, पटवा बाजार, पिपली बाजार, सर्राफा बाजार और सुभाष चौक होते हुए तोपखाना गेट से झालावाड़ नाके तक पहुंचा। पुलिस ने सोमवारिया क्षेत्र में भी गश्त की। थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफतुरंत कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ के बीच पुलिस की सक्रियता से सुरक्षा का माहौल बना है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है।

## कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने की छात्रा की मदद, दिए 15 हजार नकद

सिंगरौली (आरएनएस)। कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा तारा साकेत ने कलेक्टर से आर्थिक मदद की गुहार लगाई। वह शासकीय कन्या महाविद्यालय बैढ़न में पढ़ती है। तारा कोरसर कोठार, जनपद पंचायत चितरंगी की रहने वाली है। उसने बताया कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। वह आर्थिक रूप से कमजोर है। उसे महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क और किताबों के लिए 15,000 रुपए की जरूरत थी। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने छात्रा की समस्या को गंभीरता से लिया।

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



ग्वालियर (आरएनएस)। सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था द्वारा अभयदान ट्रस्ट नई दिल्ली सहयोग से पर्यावरण संरक्षण विषय पर शासकीय पद्मा राजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंपू में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे 90 छात्राओ मे भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी ज्योति गर्ग, सपोर्ट पर्सन अरविंद कुशवाह उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे मे सभी को जानकारी दी व बताया कि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है हमारे आसपास के प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण को हानि से बचाना, जैसे कि जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति और जीव-जंतु. इसका लक्ष्य है, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना, और एक स्वस्थ और स्थायी भविष्य बनाना। उन्होंने बताया कि हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर दुनिया दे सकें। इसके लिए जरूरी है की हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। इसके उपरांत विद्यालय में पोधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विध्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, माध्यमिक शिक्षक राकेश दुबे, उमाशंकर शर्मा, शैलजा गुप्ता, कप्तान सिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

## होलिका दहन एवं होली के त्योहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

दतिया (आरएनएस)। अनुविभागीय दण्डाधिकारी जिला दतिया द्वारा जारी आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार होलिका दहन एवं होली के त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। जिन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। उनमें 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान किलाचौक दतिया से पीताम्बरा चौराहा, तिगैलिया, चुनकगर फाटक, ठंडी सडक तक तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया बृजमोहन आर्य, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान तलैया मोहल्ला से लाला का ताल, पठठापुरा, राजघाट कॉलोनी, रिछरा फाटक तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया पूजा मावई, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान पीताम्बरा चौराहा से बुंदेला कॉलोनी, झांसी चुंगी तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया राजेष कुषवाह, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान झांसी चुगी दतिया से स्टेषन रोड वस्ती, रावतपुरा कॉलेज तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया मुन्नालाल गौड, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान बम-बम महादेव से उनाव रोड एवं सेवढ़ा चुगी तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया षिवसिंह कोरकू, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान बडौनी क्षेत्र के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया जगदीष प्रसाद घनघोरिया, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान बसई क्षेत्र के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया संजीव तिवारी, 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली पर्व पर स्थान उदगुंवा क्षेत्र के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दतिया राजेष वत्स को नियुक्त किया गया है।



## उत्कल एक्सप्रेस से आरपीएफने 14 लाख 9 हजार रुपए के साथ एक यात्री को पकड़ा

ग्वालियर (आरएनएस)। आरपीएफ पुलिस ने उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में 14 लाख 9 हजार रुपए की नकदी के साथ एक युवक को पकड़ा है। आरपीएफने यह कार्रवाई ट्रेनों में चेकिंग अभियान के दौरान की है। आरपीएफने कैश के बारे में युवक से पूछताछ कि तो वह कोई भी दस्तावेज या संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

आरपीएफने युवक को हिरासत में लेकर मामले की सूचना इनकम टैक्स के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर इनकम टैक्स के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने युवक और बरामद की गई नकदी को अगली जांच के लिए इनकम टैक्स अधिकारियों को सौंप दिया। मामले की जानकारी देते हुए आरपीएफ थाना प्रभारी संजय आर्य ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात ग्वालियर आरपीएफका बल ट्रेनों में चेकिंग कर रहा था।

# होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य पदार्थों के जाँच हेतु लिए गए नमूने

*जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, खाद्य पदार्थों की त्वरित जाँच कर मौके पर उपलब्ध कराई गई जाँच रिपोर्ट ईट राइट इंदौर के अंतर्गत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन*

इन्दौर (आरएनएस)। इंदौर जिले में होली त्यौहार के मद्देनजर उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अभियान प्रारंभ किया गया है। अपर कलेक्टर गौरव बैनल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाईयां की जा रही है। इसी के साथ-साथ आमजन एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाँच करने के आसान तरीकों से अवगत कराने के लिये प्रशिक्षित एवं जागरूक भी किया जा रहा है । होली त्यौहार को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा जांच हेतु नमूने लिए गए अपर कलेक्टर गौरव बेनल द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल बनाकर होली त्यौहार को लेकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की विशेष निगरानी हेतु आदेशित किया गया। जिसके परिपालन में खाद्य



सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा खाद्य पदार्थों के 16 नमूने जॉच हेतु लिये गए। जिसके अंतर्गत श्रीनाथ स्वीट्स नमकीन बेकरी छावनी से मावा पेड़ा व मिल्क केक, श्रीजी नमकीन आरएनटी मार्ग से रतलामी सेव व बेसन, श्री कृष्णा दूध दही भंडार छावनी से पनीर व घी, एम.एम.बी होटल प्राइवेट लिमिटेड छावनी से मावा बर्फी व बेसन लड्डू, जैन मिठाई भंडार एंड नमकीन देपालपुर से मलाई बर्फी व दूध कतली, आराध्या स्वीट्स देपालपुर से मलाई बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए।

**बेटमा में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बेटमा में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (Food Safety On wheels) की सहायता से जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में आमजन एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के आसान तरीकों से जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया । साथ ही खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों के निर्माण में फोर्टिफाइड फूड का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही खाद्य कारोबार कर्ताओं के लिए ग्राम बेटमा में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया।

**खाद्य पदार्थों मौके पर की गई जांच**

एफएसडब्लू की सहायता से ग्राम बेटमा स्थित विभिन्न दुकानों से लगभग 25 नमूने लिए जाकर खाद्य पदार्थों की जांच मौके पर ही की गई तथा विक्रेताओं को जांच रिपोर्ट तुरंत प्रदान की गई ।

## व्यापार समाचार

# एलन मस्क की स्टारलिंक को भारतीय बाजार में उतारेगी एयरटेल , सैटेलाइट से मिलेगा सुपर-फास्ट इंटरनेट

नई दिल्ली ( आरएनएस)। दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने अमेरिकी उद्योगपति ऐलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं अपने ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौते किया है।

एयरटेल ने मंगलवार को यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह भारत में हस्ताक्षरित पहला समझौता है, जो स्पेसएक्स द्वारा भारत में स्टारलिंक को बेचने के लिए अपने स्वयं के प्राधिकरण प्राप्त करने के अधीन है। यह एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाता है कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकशों को कैसे पूरक और विस्तारित कर सकता है, और कैसे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों को स्पेसएक्स की प्रत्यक्ष पेशकशों को पूरक बनाती है।

एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसरों के साथ-साथ भारत के सबसे ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य चीजों की पेशकश करने का पता लगाएंगे। एयरटेल और स्पेसएक्स यह पता लगाएंगे कि कैसे स्टारलिंक एयरटेल नेटवर्क का विस्तार और संवर्धन करने में मदद कर सकता है, साथ ही स्पेसएक्स की भारत में एयरटेल के ग्राउंड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षमताओं का उपयोग करने तथा उनसे लाभ उठाने की क्षमता भी।

एयरटेल ने कहा कि वह ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उन्नत तकनीक का लाभ उठाते हुए व्यापक और विश्वसनीय




कनेक्टिविटी और डिजिटल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक को अपने ऑफ़र में जोड़कर (यूटेलसैट वनवेब के साथ अपने मौजूदा गठबंधन के अलावा), एयरटेल देश भर में कनेक्टिविटी प्रदान करने और पहले से कम सेवा वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से आज सीमित या बिना कवरेज वाले क्षेत्रों को जोड़ने की अपनी क्षमता को आगे बढ़ाएगा। स्टारलिंक एंटरप्राइज़ सूट के साथ, एयरटेल उद्यमों, व्यवसायों और समुदायों को व्यापक और निर्बाध कनेक्टिविटी पैकेज प्रदान करने में सक्षम होगा।

भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा, भारत में एयरटेल ग्राहकों को स्टारलिंक की पेशकश करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और दर्शाता है। यह सहयोग भारत के सबसे दूरदराज के हिस्सों में भी विश्व स्तरीय हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड लाने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय के पास विश्वसनीय इंटरनेट हो। स्टारलिंक एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगा, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और किफायती ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके – चाहे वे कहीं भी रहते हों और काम करते हों। प्रौद्योगिकी हमेशा विकसित हो रही है और हम नवाचार में सबसे आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हम अपने ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम कनेक्टिविटी अनुभव लाना जारी रख सकें। इसमें स्पेसएक्स जैसे वैश्विक नेताओं के साथ सहयोग करना शामिल है, ताकि हमारी पहुँच का विस्तार हो और पूरे भारत में ग्राहकों के लिए नई कवरेज जोड़ी जा सके।

स्पेसएक्स के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी ग्वेने शॉटवेल ने कहा हम एयरटेल के साथ काम करने और स्टारलिंक द्वारा भारत के लोगों के लिए लाए जा सकने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने के लिए उत्साहित हैं। हम लगातार उन अविश्वसनीय और प्रेरक चीजों से चकित होते हैं, जो लोग, व्यवसाय और संगठन स्टारलिंक के माध्यम से कनेक्ट होने पर करते हैं। एयरटेल की टीम ने भारत की दूरसंचार कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए हमारे प्रत्यक्ष ऑफ़र को पूरक बनाने के लिए उनके साथ काम करना हमारे व्यवसाय के लिए बहुत मायने रखता है।

## सेबी ने राइट्स इश्यू को पूरा करने की समयसीमा घटाकर 23 दिन की, 7 अप्रैल से लागू

मुंबई (ए.)। कंपनियों को तेजी से पूंजी जुटाने में मदद करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राइट्स इश्यू को पूरा करने की समयसीमा 126 दिनों से घटाकर 23 दिन कर दी है, जो 7 अप्रैल से प्रभावी होगी।एक सर्कुलर में, पूंजी बाजार नियामक ने राइट्स इश्यू में स्पेसिफिक निवेशकों को अलॉटमेंट के लिए फ्लेक्सिबिलिटी भी प्रदान की है।सेबी ने कहा, नए फ्रेमवर्क के हिस्से के रूप में, सेबी रेगुलेशन, 2018 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के संशोधित रेगुलेशन 85 के संदर्भ में, यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि राइट्स इश्यू को जारीकर्ता के निदेशक मंडल द्वारा राइट्स इश्यू को मंजूरी देने की तारीख से 23 कार्य दिवसों के भीतर पूरा किया जाएगा।इसमें कहा गया है, सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 87 के अनुसार और रिवाइज्ड टाइमलाइन को देखते हुए यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि राइट्स इश्यू को सब्सक्रिप्शन के लिए न्यूनतम सात दिन और अधिकतम तीस दिनों के लिए ओपन रखा जाएगा।राइट्स इश्यू में शेयरों की सदस्यता के लिए प्राप्त एप्लीकेशन बोलियों का सत्यापन और अलॉटमेंट के आधार को फाइनल करने का काम भी स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी द्वारा इश्यू के रजिस्ट्रार के साथ मिलकर किया जाएगा।बाजार नियामक के अनुसार, इस सर्कुलर के प्रावधान 7 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे तथा इस सर्कुलर के लागू होने की तिथि से इश्यूअर के निदेशक मंडल द्वारा अप्रूव्ड राइट्स इश्यू पर लागू होंगे।इस बीच, न्यूली अपॉइंटेड चेयरपर्सन तुहिन कांत पांडे की लीडरशिप में आगामी पहली बोर्ड मीटिंग में सेबी कई प्रमुख विनियामक प्रस्तावों पर चर्चा करने वाला है। प्रस्तावित एजेंडे में डीमैट खातों के लिए यूपीआई जैसी सुरक्षा, क्लियरिंग कॉरपोरेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के दायरे का विस्तार करना और रिसर्च विश्लेषकों द्वारा फी कलेक्शन में बदलाव शामिल हैं। निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेबी ने डीमैट खातों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसा सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव दिया है।



## एसयूवी एलएक्स 500डी का अपडेटेड मॉडल लॉन्च

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में कार निर्माता लेक्सस कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप एसयूवी एलएक्स 500डी का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर दिया है। नई लेक्सस एलएक्स 500डी में दमदार 3.3-लीटर वी6 डीजल इंजन दिया गया है, जो 8 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है। इसकी टॉप स्पीड 210 किमी/घंटा है। इसे दो वैरिएंट्स—अर्बन और ओवरटेल में पेश किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत रुपए 3 करोड़ रखी गई है, जबकि ओवरटेल वैरिएंट की कीमत रुपए 3.12 करोड़ तय की गई है। इससे पहले इसकी कीमत रुपए 2.83 करोड़ थी, लेकिन अपडेट के बाद इसमें रुपए 17 लाख की बढ़ोतरी हो गई है। अर्बन वैरिएंट को शहरों में बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि ओवरटेल वैरिएंट को ऑफ-रोडिंग के लिए तैयार किया गया है।



ग्रिल, अलॉय व्हील्स और टायर डिजाइन में हल्के बदलाव किए गए हैं, जिससे एसयूवी को नया लुक मिलता है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें अत्याधुनिक सेफ्टी सिस्टम 3.0 दिया गया है,

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई हैं हालांकि निजी बैंकिंग शेयरों में बढ़त रही जिससे गिरावट पर कुछ हद तक अंकुश लगा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 73 अंक करीब 0.1 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ ही 74,030 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 27 अंकों की गिरावट के साथ 22,470 पर बंद हुआ।

वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 168 अंक की बढ़त लेकर 74,270.81 पर खुला। वहींनिफ्टी 39 अंक की चढ़कर 22,536 पर खुला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों को लेकर जारी अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पैसा निकालने से भी बाजार पर दबाव आया।वहीं एशियाई बाजारों में आज बढ़त दर्ज की गई, जबकि वॉल स्ट्रीट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजनाओं और संभावित मंदी की चिंताओं के बीच उतार-चढ़ाव भरा रहा। जापान का निक्की इंडेक्स सपाट रहा पर हल्की गिरावट के संकेत दिखे, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.69 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.18 फीसदी जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 1.6 फीसदी नीचे आया।दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों में बिकवाली का दौर जारी है।अमेरिकी की अस्थिर व्यापार नीति का नकारात्ममक प्रभाव पड़ा है। डाउ जोंस लगभग 500 अंक गिरा, जिससे दो दिनों में इसकी कुल गिरावट 1,400 अंकों तक पहुंच गई जबकि एसएंडपी में 0.8 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक हालांकि बेहतर प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 0.2 फीसदी नीचे बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह आज सुबह बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 168 अंक की बढ़त लेकर 74,270.81 पर खुला। वहीं एनएसई निफ्टी 39 अंक चढ़कर 22,536 पर खुला।

## चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक 18,120 करोड़ से ज्यादा के हुए ट्रांजैक्शन, डिजिटल पेमेंट में उछाल; यूपीआई सबसे आगे

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में इस साल जनवरी तक यूपीआई सहित डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 18,120 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें ट्रांजैक्शन वैल्यू 2,330 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 8,839 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया है, जिसमें 46 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि हुई।वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह वृद्धि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के कारण हुई है, जो 69 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा और वित्त वर्ष 2021-22 के 4,597 करोड़ ट्रांजैक्शन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 13,116 करोड़ ट्रांजैक्शन हो गया।केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई ने हासिल किया है। इसके अलावा, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर (क्यूआर कोड और पीओएस टर्मिनल), नए व्यापारियों की ऑनबोर्डिंग और थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर (टीपीएपी) भी योजना अवधि के दौरान काफी हद तक बढ़े हैं।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। यह याद रखना चाहिए कि 22 फरवरी, 1994 को भारत की संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें दोहराया गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और रहेगा। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोडना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है।

वास्तव में जयशंकर की टिप्पणी संसद के इसी प्रस्ताव की प्रतिध्वनि है। जयशंकर ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भारत का पहला प्राथमिक कदम था। सूबे में विकास, आर्थिक गतिविधियां और सामाजिक न्याय की बहाली दूसरा कदम और यहां निष्पक्ष चुनाव कराना तीसरा कदम था। वास्तव में भारत अच्छी तरह से जानता है कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर उसके लंबे समय से चले आ रहे दावे के अलावा पाकिस्तान का भी दावा है और स्वयं उन कश्मीरियों का अपना दावा है जो उस हिस्से की आजादी की मांग कर रहे हैं या भारत में विलय के लिए मांग कर रहे हैं।

चौथा दावा चीन का भी है जिसने वहां भारी निवेश किया है। इस अर्थ में जयशंकर का कहना जायज है कि पीओके भारत के नियंत्रण में आ जाए तो वह भी भारतीय जम्मू-कश्मीर की तरह विकास के रास्ते पर बढ़ सकता है। परंतु व्यवहार में यह काम इतना आसान नहीं है। हाल-फिलहाल यह हो सकता है कि पीओके में पाकिस्तानी सरकार के जो जुल्म बढ़ रहे हैं और जिनसे वहां के निवासी आक्रांत रहे हैं, उनके लिए वैश्विक समर्थन जुटाया जाए और स्वयं भारत भी उन्हें स्पष्टतः आश्वासन दे कि वह उनकी जायज मांगों का समर्थक है। गिलगिट-बलूचिस्तान में रहने वाले लोगों ने अपने क्षेत्र पर पाकिस्तान के बलात कब्जे को कभी स्वीकारा नहीं है।यहां राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं। पाकिस्तान की कुल भूमि का 40 फीसद हिस्सा यहीं है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस इलाके में सर्वाधिक बलूच हैं। इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्तान भी कहा जाता है। भारत को पीओके के निवासियों की पूरी चिंता है। लेकिन भारत का यह पक्ष केवल बातों में ही नहीं, व्यवहार में भी सामने आना चाहिए। पाकिस्तान के अवैध कब्जे से कश्मीर के इस हिस्से को भारत में वापस लाने का एक रास्ता यह हो सकता है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून नगर निगम में होली अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान फोटो खिंचवाते हुए.

# नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर विवाद

अजीत द्विवेदी

यह अनुरोध सिर्फ केंद्र सरकार से नहीं है, बल्कि तमिलनाडु सरकार से भी है। नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर जो विवाद केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच छिड़ा है वह कोई भाषा और संस्कृति का विवाद नहीं है, बल्कि राजनीतिक विवाद है। इसलिए किसी भी भाषा को और खास कर हिंदी को खलनायक बनाने की जरुरत नहीं है। असलियत यह है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पक्ष अपने अपने हथियारों को धार दे रहे हैं। यह दुर्भाग्य होगा अगर एक बार फिर भाषा का विवाद छिड़ेगा और राजनीतिक फायदे के लिए पार्टियां इसका इस्तेमाल करेंगी। ऐसा लग रहा है कि चार साल शासन करने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भाषा के विवाद में अवसर दिख रहा है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को इसी बहाने अपने को हिंदी हितैषी दिखाने का मौका मिला है। हिंदी हितैषी का यह नैरेटिव भाजपा को अगर तमिलनाडु में ज्यादा फायदा नहीं भी पहुंचाता है तब भी देश के 40 फीसदी से ज्यादा हिंदी भाषी इलाके में अच्छी बढ़त दिला सकता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक राजनीतिक मसला है, जिसका भाषा और संस्कृति से ज्यादा सरोकार नहीं है। एमके स्टालिन नई शिक्षा नीति यानी एनईपी के बहाने हिंदी बनाम तमिल का मुद्दा इसलिए बना रहे हैं ताकि वे अपने को द्रविड अस्मिता का चैम्पियन दिखा सकें। वे एक आभासी लड़ाई छेड़ कर उसका राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। इस तरह के कई काम वे और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन पहले भी कर चुके हैं। उदयनिधि ने इसी तरह के राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म के खिलाफ अवांछित टिप्पणी की थी। सनातन बनाम द्रविड संस्कृति का विवाद उन्होंने खड़ा किया था तो तमिल बनाम हिंदी का विवाद एमके स्टालिन बना रहे हैं। पहले तो उनका विरोध इतना था कि वे एनईपी के जरिए त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने और तमिल व अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी पढ़ाए जाने के प्रयास का विरोध कर रहे थे। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार हिंदी थोपना चाहती है।

लेकिन बाद में उन्होंने हिंदी का विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी का वर्चस्व स्थापित करने के प्रयासों के चलते उत्तर भारत की 25 बोलियां समाप्त हो गईं। उनका यह निष्कर्ष भी राजनीतिक है और अधूरा है। अव्वल तो उत्तर भारत की बोलियां समाप्त नहीं हुई हैं। आज भी



करीब 15 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं और पूर्वांचल के अलावा देश भर में और विदेशों में भी भोजपुरी बोली जाती है। भोजपुरी के अलावा बिहार में मगही, मैथिली, अंगिका, वज्जिका आदि बोलियां भी चलती हैं तो उत्तर प्रदेश में भोजपुरी के साथ साथ अवधि व ब्रज भाषा का भी चलन है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में भी कई बोलियां प्रचलित हैं। इन बोलियों को मानक भाषा नहीं माना गया है। मानक भाषा के तौर पर हिंदी को संविधान में स्वीकार किया गया। संविधान बनाने वालों ने 1950 हिंदी को आधिकारिक राजभाषा बनाया और साथ ही कहा कि 15 साल तक अंग्रेजी सहायक राजभाषा बनी रहेगी। हालांकि बाद में तमिलनाडु और दूसरे राज्यों के विरोध की वजह से 15 साल की समय सीमा हटा दी गई। इसलिए हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी भी कामकाज की भाषा बनी हुई है। तभी हिंदी को उसका विकास करने वाली बोलियों के विरोध में खड़ा करने की स्टालिन की राजनीति ठीक नहीं है।

अगर उनके इसी तर्क के हिसाब से देखें तो सवाल उठेगा कि क्या तमिल भाषा ने तमिल बोलियों को समाप्त नहीं किया है? तमिलनाडु के अलग अलग इलाकों में कई बोलियां प्रचलित रही हैं। आज भी अनेक बोलियों का अस्तित्व है लेकिन उनको मानक तमिल भाषा नहीं माना जाता है। कोंगु तमिल, मद्रास बशई, मदुरै तमिल, नेलाई तमिल, कुमारी तमिल आदि बोलियां हैं। इसके अलावा श्रीलंका के जाफना में या मलेशिया में मानक या शास्त्रीय तमिल भाषा नहीं इस्तेमाल होती है। वहां की अलग बोलियां हैं। ऐसा ही कन्नड़, मलयालम, तेलुगू आदि मानक भाषाओं का विकास भी बोलियों से ही हुआ है। जिस तरह से उत्तर भारत की बोलियों ने हिंदी को समृद्ध किया है उसी तरह अन्य मानक भाषाएं भी अपनी बोलियों से ही समृद्ध हुई हैं। इसलिए भाषा और बोली के बीच दशकों पहले सुलझ चुके विवाद को फिर से छेडने् की जरुरत नहीं है।

दूसरी अहम बात यह है कि अगर अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संपर्क भाषा की बात होगी तो क्या वह हिंदी नहीं होगी? हिंदी के अलावा किसको पूरे देश की संपर्क भाषा कह सकते हैं? क्या तमिलनाडु के लोग देश के दूसरे हिस्सों में जाते हैं तो वे हिंदी का प्रयोग नहीं करते हैं? क्या वे हिंदी की फिल्में नहीं देखते हैं या हिंदी के गाने नहीं सुनते हैं? देश में उनका काम तमिल और अंग्रेजी के दम पर नहीं चल सकता है। खुद तमिलनाडु का तीर्थाटन और पर्यटन का विशाल कारोबार बड़ी हिंदी आबादी के दम पर ही चल रहा है। हिंदी भाषी पर्यटकों के साथ तमिल लोगों को कामचलाऊ हिंदी से कोई आपत्ति नहीं होती है। परंतु स्टालिन ने अपने राजनीतिक फायदा के लिए इसका विवाद बना दिया है।

इसी तरह भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी राजनीतिक लाभ के लिए इसे मुद्दा बनाया है। नई शिक्षा की नीति में कई चीजें अच्छी हैं, जिनको लागू कराना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार का सारा जोर हिंदी पढ़वाने पर है। वह अपने को हिंदी हितैषी दिखाने के लिए दूसरी भाषाओं को हिंदी के विरोध में खड़ा करवाने की राजनीति कर रही है। वैसे भी तमिलनाडु में बड़ी संख्या में केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसी तरह ज्यादातर निजी स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। सीबीएसई, आईसीएसई और आईबी बोर्ड वाले स्कूलों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। क्या इतना पर्याप्त नहीं है, दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए? इसके अलावा भी दक्षिण में हिंदी के प्रसार के लिए संस्थाएं बनी हैं। फिर क्यों केंद्र सरकार तमिलनाडु के सरकारी स्कूलों में हिंदी अनिवार्य कराने में लगी है? अगर त्रिभाषा फॉर्मूले की ही बात करें तो उत्तर भारत के कितने स्कूलों में इसको लागू किया गया है? ज्यादातर सरकारी स्कूलों में सारी पढ़ाई हिंदी में ही होती है। उत्तर भारत की बड़ी आबादी के लिए अंग्रेजी आज भी एलियन भाषा है। अंग्रेजी पढ़ाने के लिए रखे गए ज्यादातर शिक्षक हिंदी में ही अंग्रेजी पढ़ाते हैं। ज्यादातर जगहों पर तीसरी भाषा के तौर पर संस्कृत को रखा गया है इसके बावजूद अधिकतर छात्रों को सिर्फ परीक्षा पास करने लायक संस्कृत आती है, जिसका इस्तेमाल वे फिर जीवन में कभी नहीं करते हैं।

# कुंभ में डुबकी पापों को पुण्य में बदला

हरिशंकर व्यास

जो आस्थावान हैं वे परमहंस अवस्था में हैं। उन्हें मुक्ति मिली। मोक्ष के साथ स्वर्गलोक में स्थान पक्का! जीवन तथा जन्म धन्य। ऐसे कोई 66 करोड़ हिंदुओं ने मौका नहीं चुका है। इन्होंने कुंभ में डुबकी लगाई और पापों को पुण्य में बदला। जन्म-जन्मांतर से मुक्ति हुई। स्वर्ग (ब्रह्म में लीन) सुख की गारंटी पाई। दूसरी तरफ वे संसारजीवी हिंदू हैं, जो हैरानी से मन ही मन मान रहे हैं कि मार्केटिंग के रणनीतिकारों की कोई न कोई टोली, कोई थिंक टैंक है, जिसकी प्लानिंग से योगी और मोदी हिंदुओं में आस्था की सुनामी बनाते हुए हैं!

बकौल प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में- यह आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

सौ टका सही बात है। निश्चित ही डोनाल्ड ट्रंप व इलॉन मस्क सहित दुनिया के उन सभी कर्णधारों को अपने राजनीतिक-धार्मिक, कारोबारी रणनीतिकारों को हड़काते हुए आदेश देना चाहिए कि वे भारत जा कर योगी और मोदी के चरणों में बैठें, उनसे सीखें! इन्होंने 45 दिनों में पूरी दुनिया को पछाड़ दिया है। हिंदू आस्था की महाशक्ति के विश्व रिकॉर्ड बने हैं। सो, कहां गए हमारे धर्म के धर्माचार्य? हमें वेटिकन में भीड़ का रिकॉर्ड बनाना है। जाहिर है इस होड़ में सर्वाधिक घायल चीन ही होगा।



इसलिए क्योंकि वह कम्युनिस्ट देश है। धर्म तथा आस्थाविहीन देश है। उसे मोदी के भारत ने पहले आबादी में पछाड़ा। अब आस्था की ताकत में भी पछाड़ा!


गौर करें कुंभ बाद सरकारी प्रेस रिलीज, मीडिया रिपोर्टों की इन बातों परङ्क 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। अमेरिका सहित एक सौ देशों की आबादी से अधिक लोग कुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचे। यह संख्या मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। सऊदी अरब के मक्का और मदीना जाने वाले हजयात्रियों से यह संख्या दो सौ गुना अधिक है। इस महाकुंभ ने इतिहास रचा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में कई रिकॉर्ड बने हैं आदि, आदि।

## बेखबर नहीं रहें गुर्दे की स्वास्थ्य को लेकर

### ( विश्व गुर्दा रोग दिवस 13 मार्च पर विशेष )

**(लेखक- कुमार कृष्णन)**

गुर्दा की बीमारी की ओर अक्सर लोग बेखबर रहते हैं, 8 फीसदी से 10 फीसदी वयस्क किसी न किसी तरह की किडनी क्षति से प्रभावित होते हैं। दुर्भाग्ये से आधे से अधिक मरीज अपनी बीमारी के बारे में तब जान पाते हैं जब उनका गुर्दा 60 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्तस हो चुका होता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थातन द्वारा किए गए अध्य6यन के अनुसार गुर्दे के लगभग 1.50 लाख नए मरीज़ हर वर्ष बढ़ जाते हैं जिनमें से बहुत थोड़े लोगों को किसी प्रकार का इलाज उपलब्धी हो पाता है। इस समस्यार ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। हर वर्ष गुर्दे की पुरानी बीमारी से ग्रस्तग लाखों मरीज इलाज के बिना रह जाते हैं अथवा बीमारी का शुरू में पता न लग पाने या गुर्दे के प्रतिरोपण के लिए धन की कमी के कारण या मेल खाते हुए गुर्दे के उपलब्धस न हो पाने के कारण प्रतिरोपण नहीं हो पाता। भारत में हर साल लगभग पांच लाख गुर्दे का प्रत्यारोपण किए जाने की आवश्याकता होती है, लेकिन इस मंहगी प्रक्रिया के माध्याम से कुछ हज़ार मरीज ही नया जीवन प्राप्ते कर पाते हैं।हर वर्ष मार्च माह के दूसरे बृहस्पतिवार को सारे विश्वर में विश्वी गुर्दा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व गुर्दा दिवस 13 मार्च को जाएगा। गुर्दे के महत्वै और गुर्दे की बीमारी तथा उससे जुड़ी अन्यह बीमारियों के खतरे को कम करने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सन् 2006 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। विश्व गुर्दा रोग दिवस 2025 का नारा है, क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएँ, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें. यह साल भर चलने वाला अभियान है।




मेष राशि- आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आपके सारे काम भी अच्छे ढंग से होंगे। आज बच्चों को चिड़ियाघर घुमाने ले जाएंगे, जहां बच्चे खूब आनंद उठाएंगे। पारिवारिक काम निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी कविता की पुस्तक प्रकाशित हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जाएंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे हैं। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी। इस राशि के जिन लोगों का सिंगिंग में रुझान है आज उन्हे किसी टीवी शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप महंगी खरीददारी के बारे में भी अपना मन बना सकते है, लेकिन आखिरी समय में आपको निर्णय लेने में मुश्किल होगी।

कर्क राशि- आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे। आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो भविष्य में आपकी सहायता कर सकते है। आज सकारात्मक सोच रखकर कार्य करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी। साथ ही आज दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं को न रोकें, जो कार्य आपको अच्छा लगें, वहीं करें। शाम का समय आपके लिए चुनौती भरा हो सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चो को ज्ञान की बातें बतायेंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले।

तुला राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे। आज आपके कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी। आपके घर पर मेहमान मेहमान आयेंगे, जिससे घर का माहौल व्यस्त रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, आप नई तकनीकी सीख सकते है जो भविष्य में काम आयेगा।

धनु राशि- आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरूरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आन्नद लेंगे। इस राशि के नव-विवाहित के लिए आज का दिन बेहतरीन है। लवमेट आज कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते है, जिससे उनके बीच चल रही अनबन दूर होगी।

मकर राशि- आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी। आपका नए लोगों से जल्दी ही परिचय हो सकता है। सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा। कार्यों को आप धैर्य पूर्वक पूरा करेंगे, जिससे आपका काम सफल होगा।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज जो भी फैसला करें काफी सोच विचार कर ही करें, हो सके तो परिवार वालों की राय जरूर लें। दोस्तों को आज डिनर कराने के लिए आप किसी रेस्टोरेंट में ले जाएंगे। आज करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा।

# रासायनिक रंगों से बचें, प्राकृतिक रंगों को अपनाए

**योगेश कुमार गोयल**

***रंगों के त्यौहार होली पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा। लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का सबब बनने लगा है। ज्यादातर रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिससे होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है।***

ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं व बच्चों की कोमल त्वचा पर तो इन रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं। कई



बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए अगर आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर अवश्य ध्यान दें:-

- रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है।
- होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी।
- होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके।
- होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके।
- महिलाएं होली खेलते समय मोटे तथा ढ़ीले-ढ़ाले सूती तथा गहरे रंग के वस्त्र पहनें। सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्र पानी में भीगकर शरीर से चिपक जाते हैं, जिससे सार्वजनिक रूप से महिला को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ सकता है।
- आप ऐसा व्यवहार हरगिज न करें, जिससे आपके रिश्तेदारों, पति के मित्रों अथवा अन्य पुरूषों को आपसे छेड़छाड़ करने का अनुचित अवसर मिल सके। अपना व्यवहार पूर्णतः संयमित, शालीन और मर्यादित रखें और सामने वाले की कोई गलत हरकत देखने के बाद भी उस पर मौन साधकर उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न करें।
- होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें। रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से रंग और भी पक्के हो जाते हैं। डिटर्जेंट सोप के बजाय नहाने के अच्छी क्वालिटी के साबुन का उपयोग किया जा सकता है।
- स्नान के बाद भी त्वचा पर खुजली या जलन महसूस हो तो गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं।- बालों से रंग छुड़ाने के लिए बालों को शैम्पू करें।
- स्नान के बाद आंखों में गुलाब जल डालें। होली खेलते समय यदि आंखों में रंग चला जाए अथवा आंखों में जलन महसूस हो तो आंखों को मलें नहीं बल्कि तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से मिलें।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## उत्तर प्रदेश के संभल में होली को लेकर मस्जिदों को तिरपालों से ढंकने का काम शुरू

संभल(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल में होली को लेकर सड़क किनारे स्थित मस्जिदों को सुरक्षित करने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से उन्हें तिरपालों से ढंकने की कवायद शुरू कर दी गई है।

एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि सभी पक्षों की सहमति के बाद होली के मार्ग पर पड़ने वाले सभी मस्जिदों को ढंका जा रहा है। पूर्व की भांति यह व्यवस्था हो रही है। जुलूस के रास्ते में 10 धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें ढंका जा रहा है। दोनों पक्षों के लोगों से इसको लेकर बातचीत की गई है। दोनों ही पक्षों ने इस फैसले पर सहमति जताई है।

जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने त्योहारों से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि शांति समिति की बैठकें की गई हैं। इसके साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा गया है और त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी हो रही है।

पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुए बवाल के बाद यहां पर प्रशासन खास चौकसी बरत रहा है। माहौल शांत हो रहा था कि सीओ अनुज चौधरी के बयान से इलाके की राजनीति गरमा गई। इस बार 14 मार्च को होली और रमजान के जुमे की नमाज एक साथ पड़ रही है। अनुज चौधरी ने कहा था कि जुमा साल में 52 बार आता है, जबकि होली साल में सिर्फ एक बार आती है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से यह भी अपील की कि अगर किसी को रंग-अबीर खेलने में दिक्कत है, तो वे घर पर ही नमाज अदा कर लें या फिर बाहर निकलें तो रंग लगाने का बुरा न मानें। उनके इस बयान के बाद तमाम सियासी दल उन पर हमलावर हो गए और उनकी आलोचना हो रही है।

## राबड़ी देवी ने सीएम नीतीश को बताया भंगेड़ी, बोलीं- भांग पीकर विधानसभा आते हैं, हमें बेइज्जत करते हैं

पटना(आरएनएस)। बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बीच टकराव देखने को मिला। इसके बाद सदन से बाहर निकली राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश भंगेड़ी हैं। वह भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वह महिलाओं को अपमानित करते हैं।

दरअसल, बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हुआ है। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने राजद सरकार को लेकर बोलना शुरू किया। इसके बाद राजद के सदस्य सदन से बाहर निकल गए।

राबड़ी देवी ने बाहर आकर पत्रकारों से कहा, नीतीश कुमार कुछ भी बोलते रहते हैं। महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने सदन में हमें भी अपमानित किया। नीतीश कुमार कहते हैं कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था? उन्होंने केवल मेरा नहीं, पूरे बिहार की महिलाओं का अपमान किया है।उन्होंने कहा कि 2005 के पहले काम नहीं होता था, फाइल देखिए कि क्या-क्या काम हुआ था। बिहार की जनता नहीं जानती है क्या? हम लोगों ने महिलाओं, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यकों, सभी के लिए काम किए हैं। उन्होंने कहा कि क्या नीतीश कुमार 2005 के पहले नहीं थे? पत्रकारों से भी उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पहले हुए कामों को नहीं देखा है क्या? पहले बाजार, हाट नहीं था, तो व्यापार कैसे होता था?उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दो बार सदन में हमें अपमानित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के पीछे पांच-छह लोग हैं, जो उन्हें सिखाते हैं, वही सीएम बोलते हैं। सीएम भाजपा की गोद में हैं और वही लोग कान भरते हैं। इनकी पार्टी के भी तीन-चार लोग हैं, जो उनके कान में फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार को उनके ही लोग बेइज्जत कराते रहते हैं। वही सिखाते हैं कि ऐसे बोलिए। सीएम के बयान के बाद हम लोगों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

## 80 साल का पिता करना चाहता था दूसरी शादी, बेटा बन रहा था रोड़ा तो बाप ने कर दिया बड़ा कांड

राजकोट(आरएनएस)। गुजरात के राजकोट जिले के जसदण कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता ने अपनी दूसरी शादी की इच्छा का विरोध करने पर अपने 52 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामला ज़मीन विवाद का लग रहा था, लेकिन पुलिस जांच में हत्या का असली कारण पिता की दूसरी शादी की चाहत और बेटे द्वारा उसका विरोध करना सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के.जी. झाला ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह वारदात रविवार सुबह जसदण कस्बे में घटी। मृतक प्रभात बोरीचा की पत्नी जयाबेन ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# विकसित भारत के निर्माण में नॉर्थ ईस्ट का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होगा : अमित शाह

### आने वाले समय में यहाँ के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं और नहीं जाना होगा

नई दिल्ली (ए)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में Student E&perience in Inter-State Living (SEIL) द्वारा आयोजित North-East Students & Youth Parliament को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नॉर्थईस्ट, भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह क्षेत्र भारत की संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। उन्होंने कहा कि नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है। साथ ही नॉर्थईस्ट में भारत के सबसे ज़्यादा द्धक्त वाले युवा हैं और सबसे मेहनती जनजातियां यहीं हैं। सहरे शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 220 से अधिक जनजातीय समूह, 160 से अधिक जनजातियां, 200 से अधिक बोलियां और भाषाएं, 50 यूनिक प्रकार के त्यौहार और पूरी दुनिया में प्रसिद्ध 30 से अधिक नृत्य शैलियां हैं।

श्री शाह ने कहा कि इतनी सारी विशेषताएं होने के बावजूद हमारा नॉर्थईस्ट विकास में पिछड़ गया क्योंकि एक समय था जब अलग-अलग प्रकार के मतिभ्रम और विवाद पैदा कर आतंकवाद और अलगाववाद को खड़ा किया गया। हिंसा, बंद, ड्रग्स, ब्लाकेड और प्रांतवाद ने हमारे नॉर्थईस्ट को टुकड़ों में



बांट दिया। उन्होंने कहा कि इसने हमारे उत्तरपूर्व को मानसिक रूप से न सिर्फ देश से बल्कि पूर्वोत्तर के राज्यों को भी एक दूसरे से अलग करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप हमारा नॉर्थईस्ट विकास की दृष्टि से 40 साल तक पिछड़ता चला गया और इसमे सबसे बड़े बाधक आतंकवादी और अलगाववादी समूह बने। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब भी उनकी पार्टी की सरकार आई तो उसने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि पहले इतने बड़े और पिछड़े भूभाग के लिए कोई अलग मंत्रालय नहीं था लेकिन अटल जी की सरकार में इसकी स्थापना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार के हर कार्यक्रम में नॉर्थईस्ट को केंद्र बिंदु बनाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसने नॉर्थईस्ट और भारत के बाकी भागों के बीच की दूरी को कम कर दिया। श्री शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व के हर राज्य की राजधानी 2027 तक रेल, हवाई मार्ग और सड़क नेटवर्क से जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने न सिर्फ कनेक्टिविटी बढ़ाकर उत्तरपूर्व को भारत के अन्य हिस्सों से जोड़ा, बल्कि फिज़िकल दूरी के साथ-साथ दिलों की दूरियां मिटाने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर योजना के केन्द्र में पूर्वोत्तर को रखकर और एक के बाद एक वहां के हर उग्रवादी समूह से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुन, समझ और उनके साथ समझौते कर उन्हें मेनस्ट्रीम में लाने का काम किया।श्री शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व आज शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नॉर्थईस्ट में 11 हज़ार हिंसा की घटनाएं हुईं जबकि 2014 से 2024 के बीच सगभग 70 प्रतिशत की कमी के साथ ये संख्या 3428 रह गई। सुरक्षाबलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 89 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि सभी उग्रवादी समूहों के साथ मोदी सरकार ने समझौते किए और लगभग 10,500 से ज़्यादा विद्रोही हथियार डालकर मेनस्ट्रीम में आए हैं। श्री शाह ने कहा कि 10 साल में हमने विद्रोही समूहों के साथ 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। सरकार ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत पूर्वोत्तर की भाषाओं, बोलियों, संस्कृति, वेशभूषा, परंपरागत नृत्य और कलाओं को सम्मानित और संरक्षित किया तथा 10 हज़ार से ज्यादा लोगों से हथियार डलवाकर पूरे उत्तरपूर्व में शांति का माहौल खड़ा किया।

# दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार, ऑरेंज अलर्ट जारी



चेन्नई (आरएनएस)। मौसम विभाग ने दक्षिणी तमिलनाडु के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बुधवार को बताया कि दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार हैं।

बारिश का कारण बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र है, जो तमिलनाडु के तट के पास है और समुद्र से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके चलते, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के साथ-साथ तेनकासी जिले में भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। साथ ही चक्रवाती तूफान के खतरे के कारण मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शहर के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की भी संभावना है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के बाद मंगलवार को तमिलनाडु में भारी बारिश हुई थी, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, जबकि दालों, मूंगफली और मक्का जैसी गर्मियों की फसलों को लाभ भी हुआ है।

मंगलवार को डेल्टा क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हालांकि, क्षेत्र के किसान बारिश से खुश हैं और उनका दावा है कि इससे फसलों को लाभ मिलेगा। मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही, जबकि तिरुचिरापल्ली, तंजावुर, पेरम्बलुर और अरियालुर जैसे जिलों में मध्यम बारिश हुई। इसके अलावा तिरुवरुर, मयिलादुथुराई और नागपट्टिनम में पूरे दिन भारी बारिश दर्ज की गई।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन प्रदान किया।



)दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की।

## हैदराबाद : पत्रकारों की गिरफ्तारी पर केटीआर ने राहुल गांधी से पूछा, 'क्या यही आपकी मोहब्बत की दुकान है

हैदराबाद (आरएनएस)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) ने हैदराबाद में दो पत्रकारों की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा।पुलिस ने बुधवार सुबह पत्रकार रेवती और उनकी सहकर्मी तन्वी यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कांग्रेस शासन में अपनी कठिनाइयों के बारे में बात करने वाले एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था। केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, क्या यही आपकी 'मोहब्बत की दुकान' है राहुल गांधी जी? सुबह-सुबह दो महिला पत्रकारों को गिरफ्तार करना! उनका अपराध क्या है? अक्षम और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की राय को आवाज देना। पिछली बार जब मैंने देखा था, तो पाया था कि भारत का संविधान, जिसे आप नियमित रूप से पढ़ते हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करता है।इससे पहले केटीआर ने एक पोस्ट में कहा था, मैं वरिष्ठ महिला पत्रकार रेवती की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। सुबह 5 बजे घर पर छापा मारना और पत्रकार रेवती की अवैध गिरफ्तारी राज्य में चल रहे आपातकाल-शैली के शासन का प्रमाण है।उन्होंने कहा था, साथ ही युवा पत्रकार तन्वी यादव की गिरफ्तारी भी बेहद निंदनीय है। एक किसान ने कांग्रेस सरकार में अपनी परेशानियों को बताया, तो उसका वीडियो पोस्ट करने वाले पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# लैंड जिहाद के माध्यम से प्रयागराज के पौराणिक स्थलों पर कब्जा किया गया था : सीएम योगी

लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों के शासन में लैंड माफिया ने प्रयागराज के पौराणिक स्थलों, अक्षय वट, माता सरस्वती कूप, पातालपुरी, श्रृंगवेरपुर, द्वादश माधव और भगवान बेनी माधव, पर अवैध कब्जे कर लिए थे, जिससे इनकी गरिमा को गहरी चोट पहुंची। महाकुंभ के दौरान इन स्थलों को माफिया मुक्त कर उनके कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे श्रद्धालु अब सालभर दर्शन कर सकते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया, साथ ही उत्तर प्रदेश की नकारात्मक छवि को भी बदला। उन्होंने बुधवार को लखनऊ में पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि महर्षि भरद्वाज की नगरी प्रयागराज, जो दुनिया के पहले गुरुकुल की भूमि है, पिछली सरकारों के दौर में माफियाओं के हवाले थी। अक्षय वट को गुलामी के काल में कैद कर नष्ट करने की कोशिश की गई, जिससे 500 वर्षों तक श्रद्धालु दर्शन से वंचित रहे। माता सरस्वती कूप और पातालपुरी जैसे स्थल उपेक्षित रहे, जबकि श्रृंगवेरपुर-भगवान राम और निषादराज के मैत्री स्थल पर लैंड जिहाद के जरिए कब्जा कर लिया गया। द्वादश माधव और नागवासुकी जैसे पवित्र स्थल भी अवैध कब्जों की चपेट में थे। महाकुंभ के दौरान वहां नए कॉरिडोर बनाकर इन स्थलों को मुक्त कराया गया, जो हमारी पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक हैं।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन ने न केवल दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के



वास्तविक स्वरूप को दिखाया, बल्कि उत्तर प्रदेश को लेकर बनी नकारात्मक धारणा को भी बदल दिया। उन्होंने दावा किया कि महाकुंभ के माध्यम से दोनों लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किए गए हैं। महाकुंभ ने सनातन धर्म के सच्चे और व्यापक स्वरूप को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। त्रिवेणी संगम में हर जाति, पंथ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाई, जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है।

सीएम योगी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिनकी सोच नकारात्मक है, उनसे सकारात्मकता की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कुंभ (1954) से लेकर 1974, 1986, 2007 और 2013 तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के शासनकाल में हुई अव्यवस्थाओं का जिक्र किया। 1954 में एक हजार से अधिक मौतें हुईं, 2007 में प्राकृतिक आपदा ने जन-धन की हानि की और 2013 में मॉरीशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संगम की गंदगी देखकर आंसू बहाए थे। पिछली सरकारों ने कुंभ को अव्यवस्था और गंदगी का अड्डा बना दिया था। आज वही लोग हमारे स्वच्छ महाकुंभ पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी नकारात्मकता ने उन्हें जनता की नजरों से गिरा दिया। विपक्ष हर अच्छे कार्य का विरोध करना अपनी शक्ति समझता है, लेकिन जनता ने महाकुंभ में पहुंचकर उन्हें सबक सिखा दिया।

सीएम योगी ने 2025 के महाकुंभ को स्वच्छता, सुरक्षा और तकनीक का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि 2019 में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में कुंभ की नकारात्मक धारणा को बदलने का प्रयास शुरू हुआ, जिसे 2025 में और मजबूती से लागू किया गया। डिजिटल महाकुंभ की अवधारणा को साकार करते हुए 54,000 बिछड़े लोगों को डिजिटल खोया-पाया केंद्र के जरिए उनके परिजनों से मिलाया गया। डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए और उन्हें क्यूआर कोड से जोड़ा गया। 11 भाषाओं में एक ऐप के जरिए श्रद्धालुओं को सुविधाएं दी गईं। हमारा प्रयास था कि कोई भी श्रद्धालु 3-5 किमी से ज्यादा पैदल न चले। अनुमान था कि 40 करोड़ लोग आएंगे, लेकिन 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। पौष पूर्णिमा पर 1.5 करोड़, मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ और मौनी अमावस्या पर 15 करोड़ लोगों ने स्नान किया।

सीएम योगी ने मौनी अमावस्या की रात एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का जिक्र करते हुए बताया कि 10 करोड़ से अधिक भीड़ के बीच कुछ लोग घायल हुए और कुछ की मौत हो गई। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अखाड़ों और संतों से बातचीत की और अमृत स्नान को दोपहर तक स्थगित कर दिया। संतों ने व्यापक जनहित में परंपरा को बाधित किए बिना सहयोग दिया। दोपहर 2 बजे के बाद स्नान सुचारू रूप से हुआ।

### निकाय चुनाव में शानदार जीत के लिए जनता-जनार्दन का आभार : नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़(आरएनएस)। हरियाणा के नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 में से 9 नगर निगमों में विजय हासिल की है। वहीं, मानेसर से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत का परचम लहराया है। चुनाव में कांग्रेस को एक भी मेयर पद नहीं मिला है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस जीत के लिए मैं प्रदेश की जनता-जनार्दन का आभार जताता हूं। ये जीत जनता की जीत है और ये पीएम मोदी जी की गारंटी और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। हरियाणा में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। निकाय चुनाव के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और उनका धन्यवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री सैनी ने फरीदाबाद की जनता का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा, फरीदाबाद के लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ा है और देश भर में ऐसी बड़ी जीत कभी नहीं हुई है।

## बिहार में पिता ने 4 बच्चों को दूध में दिया जहर, 3 की तड़प-तड़प कर मौत

आरा ,(आरएनएस)। बिहार के आरा जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने चार बच्चों को जहर देकर मारने के बाद खुद भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस हृदयविदारक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि पिता और एक अन्य बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना आरा जिले में मंगलवार रात को घटी। मृतक बच्चों की पहचान और उम्र अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार, अरविंद कुमार नामक व्यक्ति ने अपने बच्चों को दूध में जहर मिलाकर पिला दिया, और फिर स्वयं भी जहर का सेवन कर लिया।

घटना में जीवित बचे बच्चे, आदर्श, ने बताया कि उनकी मां का देहांत आठ महीने पहले बीमारी के कारण हो गया था, जिसके बाद से उनके पिता गहरे अवसाद में थे। अरविंद कुमार बेनवलिया बाजार में एक छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते थे, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

आदर्श ने आगे बताया कि मंगलवार की रात उनके पिता ने उन्हें पसंदीदा भोजन पूरी खिलाया और फिर सभी को दूध दिया, जिसे पीने के बाद उन्हें उल्टी और पेट दर्द शुरू हो गया। घर में कोई और मौजूद नहीं था और वे असहाय होकर कमरे में ही तड़पते रहे। काफी देर बाद दरवाजा खुलने पर उन्हें और उनके पिता को इलाज के लिए आरा के सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो बेटियों और एक बेटे ने दम तोड़ दिया।ग्रामीण गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि गांव के कई लोग पड़ोस में एक बारात में शामिल होने गए थे, और उसी दौरान अरविंद के भतीजे ने फोन पर घटना की जानकारी दी।डॉक्टर शिव नारायण सिंह, जो सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी थे, ने बताया कि मरीजों को अस्पताल लाए जाने पर उनकी आंख की पुतलियाँ सूजी हुई थीं, और उनमें उल्टी, पेट दर्द और शरीर में दर्द के लक्षण थे। उन्होंने बताया कि मरीजों के मुंह और नाक से झाग निकल रहा था, और अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उन्होंने किस प्रकार के जहर का सेवन किया था। डॉक्टर सिंह ने बताया कि मरीजों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की निगरानी में चल रहा है।

# बॉडीकॉन आउटफिट में कहर ढा रहीं प्रज्ञा जैसवाल, लेटेस्ट तस्वीरें देखकर हो जाएंगे फिदा



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड और सिजलिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स से सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।प्रज्ञा जैसवाल की लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ग्रीन कलर का बॉडीकॉन शॉर्ट आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।

## सिनेमाघरों में फिर लौट रही प्यार और दोस्ती की कहानी, 21 मार्च री-रिलीज होगी यारियां



इन दिनों पुरानी फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज करने का सिलसिला सा चल पड़ा है। बीते वर्ष से ही यह ट्रेंड शुरू हुआ और अब तक धमाकेदार अंदाज में जारी है। मार्च तक ही कई पुरानी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं और कुछ ने तो अपनी मूल रिलीज से ज्यादा कारोबार री-रिलीज के समय किया है। री-रिलीज फिल्मों की लिस्ट में यारियां का नाम भी जुड़ने जा रहा है। फिल्म यारियां साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें रकुल प्रीत सिंह और हिमांश कोहली लीड रोल में नजर आए। अब इस महीने फिल्म फिर रिलीज होने जा रही है। टी-सीरीज के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें लिखा है, दोस्ती, प्यार और नॉस्टैल्जिया फिर से सिनेमाघरों में लौट रहे हैं। फिल्म यारियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 मार्च 2025 को री-रिलीज होगी। साझा किए गए पोस्टर में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है और साथ में लिखा है, यारों की री-यूनियन। इस फिल्म की री-रिलीज को लेकर नेटिजन्स का उत्साह देखने लायक है। यूजर्स टी-सीरीज का शुक्रिया अदा कर रहे हैं और लिख रहे हैं, टी-सीरीज शुक्रिया हमारी पसंदीदा फिल्म फिर दिखाने के लिए। एक यूजर ने लिखा, हम स्कूल के दिनों में फिल्म के सारे गान

# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आ सकती हैं मल्लिका शेरावत, निर्माताओं ने किया संपर्क




अभिनेत्री मल्लिका शेरावत को पिछली बार राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

अब खबर आ रही है कि मल्लिका जल्द ही रोहित शेट्टी का स?टंट पर आधारित रियलिटी शो खतरों के ख?िलाड़ी के 15वें सीजन में नजर आएंगी।वह इस शो का हिस्सा बनने को लिए काफी उत्साहित हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, मल्लिका स?टंट पर आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में बतौर प्रतियोगी भाग लेने के लिए तैयार हैं।निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया था और इस सीजन में दिलचस्पी दिखाई है।बता दें कि इससे पहले भी मल्लिका को यह शो ऑफर किया गया था, लेकिन व्यस्त शेड्यूल के चलते वह इसमें भाग नहीं ले पाईं। हालांकि, इस साल उनकी तरफ से चीजें सकारात्मक दिख रही हैं।मल्लिका के अलावा खतरों के खिलाड़ी 15 में एल्विश यादव, अविनाश मिश्रा, ओरी, दिग्विजय सिंह, ईशा सिंह, चुम दरंग, सिद्धार्थ निगम, बसीर अली, गुलकी जोशी और भाविका शर्मा सहित कई अन्य सितारे नजर आ सकते हैं।मोहसिन खान को शो का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया गया है।बता दें कि खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग मई 2025 में शुरू होने वाली है और इस साल जून या जुलाई के आसपास इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है।

# फिल्म जाट का नया टीजर हुआ जारी, सनी देओल ने कर दिया एलान मैं हूं जाट, रणतुंगा से होगी तगड़ी टक्कर

सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जाट' को लेकर मेकर्स लगातार नए टीजर जारी कर रहे हैं और फिल्म को लगातार चर्चाओं में बनाए रखे हुए हैं। यही कारण है कि फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह भी अब बढ़ता जा रहा है। आज एक बार फिर 'जाट' के मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक नया टीजर जारी किया है, जिससे ये पता चलता है कि फिल्म में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के बीच तगड़ा एक्शन होने वाला है।




फिल्म के निर्माताओं की ओर से आज एक नया टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया, जिसे सनी देओल ने भी शेयर किया है। 30 सेकंड के इस वीडियो टीजर ने जारी होते ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर में सनी देओल के किरदार जाट और रणदीप हुड्डा के किरदार रणतुंगा के बीच तगड़ी फाइट देखने को मिल रही है, जो बताती है कि फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। वीडियो में सनी कहते हैं, मैं हूं जाट। हाथ में सिगरेट लिए सनी की एंट्री काफी धांसू दिख रही है। तो वहीं वो सीलिंग फैन समान बड़ा पंखा लेकर भी लड़ते दिख रहे हैं। इस टीजर में रणदीप हुड्डा का भी खूंखार अंदाज देखने को मिला है।

वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मेकर्स की ओर से पोस्ट में लिखा गया, बॉक्स ऑफिस पर जाट की बादशाहत कायम रखने के लिए 30 दिन बचे हैं। इस बैसाखी एक ब्लॉकबस्टर फिल्म आपका मनोरंजन करेगी। जाट 10 अप्रैल को दुनियाभर में रिलीज होगी

इससे पहले कल 10 मार्च को मेकर्स ने फिल्म से रणदीप हुड्डा के लुक और किरदार का खुलासा करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। इस टीजर वीडियो की शुरूआत में रणदीप का किरदार कहता है, मुझे अपना नाम बहुत पसंद है, रणतुंगा। वीडियो में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला, जहां रणदीप हुड्डा काफी खूंखार अंदाज में नजर आए। इस वीडियो को शेयर करते हुए रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मेरा नाम है रणतुंगा।

## सिकंदर का नया गाना बम बम भोले रिलीज, रश्मिका-काजल के साथ होली के रंगों में डूबे सलमान खान




होली के त्यौहार का सभी इंतजार करते हैं और अगर होली में धमाकेदार म्यूजिक का साथ मिल जाए तो इसका रंग और भी बढ़ जाता है. अब बॉलीवुड में इन गानों की कमी नहीं है लेकिन नया गाना हो तो एक अलग ही रंग जम जाता है. तो इस बार सलमान खान अपने फैंस के लिए होली स्पेशल सॉन्ग लेकर आए हैं. जिसका टाइटल है बम बम भोले. वादे के मुताबिक आज ये गाना रिलीज हो गया है.सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर का गाना बम बम भोले शंभू रिलीज कर दिया गया है. मेकर्स ने इसे आज ही रिलीज करने का वादा किया था और उन्होंने अपने वादे को निभाया भी है. गाने में सलमान खान और रश्मिका के साथ ही काजल अग्रवाल की झलक भी देखी गई है. साथ ही इसमें होली का रंग भी जमकर उड़ रहा है, रंग और गुलाल के साथ गाने की जबरदस्त बीट इसे फुल होली स्पेशल सॉन्ग बनाती है.शान और देव नेगी ने गाया है वहीं प्रीतम ने इसे कंपोज किया है. गाने को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तारीफ करते थक नहीं रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट किया, बम बम भोले, सिकंदर ब्लॉक बस्टर. एक ने लिखा, परफेक्ट फैमिली होली सेलिब्रेशन सॉन्ग. एक यूजर ने लिखा, भाईजान इज बैक, सिकंदर. एक ने लिखा, अब जमेगा ना होली का रंग, ये प्योर मेलोडी है. सलमान खान ने कुछ दिन पहले ही सिकंदर का टीजर रिलीज किया है जो धमाकेदार एक्शन और जबरदस्त डायलॉग से भरपूर है.

## नीना गुप्ता की आचारी बा का ट्रेलर जारी, 14 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम



हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता को पिछली बार अनुपम खेर के साथ फिल्म कागज 2 में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब नीना जल्द ही फिल्म आचारी बा के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी, जिसके निर्देशक की कमान हार्दिक गज्जर ने संभाली है।आइए बताते हैं आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे। आचारी बा का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। नीना की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।निर्माताओं ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, बा की रेसिपी: सपने, हिम्मत और ढेर सारा मसाला। यह फिल्म 14 मार्च, 2025 ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के उपलब्ध होगी।नीना के अलावा इस फिल्म में मानसी राछ, कबीर बेदी, वत्सल शेठ और वन्दना पाठक जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।आचारी बा के अलावा नीना फिल्म वध 2 में नजर आएंगी। यह 2022 में आई फिल्म वध का सीक्वल है। इसमें संजय मिश्रा भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।जसपाल सिंह संधू और राजीव बर्णवाल इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। वध की कहानी एक मासूम जोड़ी की है, लेकिन दोनों को मजबूरन एक ऐसा अपराध करना पड़ा है, जिसकी वे खुद भी कल्पना नहीं कर सकते।

# बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कितनी देर सोना चाहिए, जरूर जानें



बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है. अगर बच्चे सही से सोते हैं तो उनका दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है और उनका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है. वह एक्टिव भी रहते हैं. हालांकि, कई माता-पिता यह नहीं जानते कि उनके बच्चों को दिन में कितनी देर सोना चाहिए. क्योंकि बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को कम या ज्यादा समय तक सुलाते हैं. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कितनी देर सोना चाहिए. खबर के माध्यम से जानते हैं कि बच्चों को कब और कितनी देर तक सोना चाहिए...

### बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार से कितनी देर सोना चाहिए

नवजात शिशु (0-3 महीने): नवजात शिशुओं को भरपूर नींद की जरूरत होती है. उन्हें दिन में 14 से 17 घंटे सोना चाहिए. यह नींद सिर्फ दिन और रात में ही आती है, और सिर्फ थोड़े समय के लिए. नवजात शिशु जितना ज्यादा सोते हैं, वे उतने ही स्वस्थ होते हैं.

शिशु (4-12 महीने): इस उम्र के बच्चों को 12 से 16 घंटे की नींद लेनी चाहिए. दिन में 2 से 3 बार छोटी-छोटी झपकी लेना जरूरी है. अच्छी नींद बच्चों के तेज़ी से विकास में मदद करती है.

छोटे बच्चे (1-2 वर्ष): बच्चों को प्रतिदिन 11 से 14 घंटे सोना चाहिए. इस उम्र में दिन में उचित नींद लेना आवश्यक है. इस उम्र के बच्चों को भी अधिक नींद की जरूरत होती है.

प्रीस्कूलर (3-5 वर्ष): इस आयु के बच्चों को 10 से 13 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है. इस आयु में कई बच्चों को दिन में नींद आना कम हो जाता है. हालांकि, पर्याप्त नींद लेना महत्वपूर्ण है.

स्कूल जाने वाले बच्चे (6-12 वर्ष): इन बच्चों को प्रतिदिन 9 से 12 घंटे सोना चाहिए. आपको रात को जल्दी सोने और सुबह समय पर उठने की आदत डालनी चाहिए. इससे बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

किशोर (13-18 वर्ष): किशोरों को कम से कम 8-10 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है. इस उम्र में पढ़ाई और मोबाइल फोन के कारण नींद प्रभावित होती है. इसलिए, स्क्रीन समय को नियंत्रित किया जाना चाहिए. इस उम्र के बच्चों को टीवी, मोबाइल, टैब या लैपटॉप के साथ ज्यादा समय नहीं बिताना चाहिए.

### बच्चों की अच्छी नींद के लिए महत्वपूर्ण टिप्स

सोने और जागने के लिए एक विशेष समय निर्धारित करें.

सोने से पहले मोबाइल फोन, टीवी और वीडियो गेम से दूर रहें.

रात को हल्का एवं पौष्टिक भोजन दें.

सोने से पहले कोई कहानी सुनाएं या कोई आरामदायक गतिविधि करें.

कमरे का माहौल शांत और आरामदायक बनाएं.

कई बार बच्चे आंतरिक समस्याओं के कारण ठीक से सो नहीं पाते. यदि नवजात शिशु जोर-जोर से चिल्ला रहा है और सो नहीं पा रहा है, तो माता-पिता को अपने बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए...

००

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए बैंगन, घर लाने से पहले एक बार जान लें ये बात

बैंगन कई लोगों को पसंद होता है. इस बैंगनी रंग की सब्जी में स्वादिष्ट स्वाद के साथ-साथ कई गुण भी होते हैं. इसे भर्ता या सब्जी के रूप में खाएं, यह हर तरह से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है. हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बैंगन नहीं खाना चाहिए क्योंकि यह उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है. कई बार डॉक्टर भी गर्भावस्था के दौरान बैंगन खाने से बचने की सलाह देते हैं क्योंकि आमतौर पर इसका सेवन एमेनोरिया और प्रीमेंस्ट्रुअल डिसऑर्डर के इलाज के लिए किया जाता है.

बैंगन उन सब्जियों में से एक है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है. यह कई पोषक तत्वों से भरपूर है और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है. लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि बैंगन को कुछ खाद्य पदार्थों के साथ मिलाकर खाने से शरीर को नुकसान हो सकता है. आइए जानें कि बैंगन के साथ कौन से खाद्य पदार्थ नहीं खाना चाहिए और किसे नहीं खाना चाहिए...

बैंगन में फोलेट, मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन बी 3, बी 6, बीटा कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई पोषक तत्व होते हैं. इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है. फाइबर की उच्च मात्रा के कारण पेट जल्दी भरा हुआ महसूस होता है. इसके साथ ही यह अतिरिक्त वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है. इसके अलावा, बैंगन ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि बैंगन को कुछ खाद्य पदार्थों के साथ नहीं खाना चाहिए...

* कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि बैंगन खाते समय दूध पीना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है. दूध और बैंगन को एक साथ पचाना मुश्किल होता है. इससे कब्ज, पेट दर्द और अन्य पाचन समस्याएं हो सकती हैं. दूध पीने से, विशेषकर बैंगन युक्त भोजन खाने के बाद, पाचन क्रिया खराब हो सकती है तथा असामान्य लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं.

* बैंगन की प्रकृति गर्म होती है, जबकि दही की प्रकृति ठंडी होती है. इन दो विरोधी गुणों को एक साथ खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. हालांकि, इस बात पर कोई पूर्ण प्रमाण तो नहीं है, लेकिन कुछ शोध बताते हैं कि बैंगन को दही के साथ नहीं खाना चाहिए.

* कई लोगों को भोजन के बाद चाय पीने की आदत होती है. लेकिन बैंगन खाने के तुरंत बाद चाय पीने से शरीर की आवश्यक पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है. चाय एक टैनिन-समृद्ध पेय पदार्थ है, जो बैंगन में मौजूद लौह तत्व को ठीक से अवशोषित नहीं कर पाता. इससे एनीमिया की समस्या हो सकती है.

* लाल मांस को पचाने की प्रक्रिया में काफी समय लगता है. इसी



तरह बैंगन भी फाइबर से भरपूर होता है, इसलिए दोनों को एक साथ खाने से पेट में अपच की समस्या हो सकती है. इससे पेट में सूजन और अप्राकृतिक गैस की समस्या हो सकती है.

**किसे बैंगन नहीं खाना चाहिए ?**

1.एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए बैंगन शरीर में लौह के अवशोषण को कम कर सकता है.

2.एलर्जी की समस्या- बैंगन कुछ लोगों के लिए त्वचा की समस्याएं, चकत्ते और श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है.

3.किडनी की समस्याएं.. बैंगन में मौजूद कुछ पदार्थ किडनी की पथरी की समस्या को और बढ़ा सकते हैं.

4.आंखों में जलन वाले लोग-अगर आपकी आंखों में किसी भी तरह की समस्या है और जलन या सूजन है, तो बैंगन का सेवन न करें.

5.बवासीर से पीड़ित लोग- अगर आप बवासीर से पीड़ित हैं तो बैंगन का सेवन न करें क्योंकि इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है.

बैंगन स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है. हालांकि, अगर इसका सेवन सही तरीके से नहीं किया जाए तो कुछ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए, बैंगन खाते समय उपरोक्त निर्देशों का पालन करना स्वास्थ्य के लिए उचित है...

# रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब होगा खत्म, जेलेंस्की हुए सहमत



जेद्दाह (ए.)। यूक्रेन का कहना है वह रूस के साथ 30 दिन के युद्ध विराम के वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करेगा। कीव ने कहा कि यह 'मील का पत्थर' वार्ता थी जिसके दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने को फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी।मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद कीव ने यह घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रस्ताव को रूस के समक्ष ले जाएगा, और गेंद अब मास्को के पाले में है।

**समझौता प्रस्ताव**

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि यूक्रेन ने तत्काल, अंतरिम 30-दिवसीय युद्ध विराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसे पार्टियों के आपसी समझौते से बढ़ाया जा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा कि अमेरिका ने पूर्ण अंतरिम युद्ध विराम प्रस्ताव रखा है, जिसमें न केवल काला सागर में बल्कि पूरे फ्रंट लाइन पर मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों को रोका जाएगा। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार है - हम इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं और इसे अपनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका-यूक्रेन ने शांति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में मानवीय राहत प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया, विशेष रूप से युद्ध विराम के दौरान, जिसमें युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। दोनों पक्षों ने अपनी वार्ता टीमों के नाम तय करने और तुरंत शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई। आगे क्या होगा ?अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी है क्या रूस इस प्रस्ताव को मानेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे इस समझौते मॉस्को लेकर जाएंगे। ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज आने वाले दिनों में अपने रूसी समकक्ष से मिलने वाले हैं और ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस सप्ताह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह इस हफ्ते पुतिन से बात कर सकते हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एक स्थायी युद्धविराम पर बातचीत की जाएगी। रूसी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यूएस-यूक्रेन वार्ता के बाद कहा कि उसने अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ संपर्क की संभावना से इनकार नहीं किया है।

## पीएम मोदी मॉरीशस के पूर्व पीएम से मिले, सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा

पोर्ट लुईस,(ए)। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को मॉरीशस के पूर्व पीएम प्रविंद जगन्नाथ से मिले। दोनों नेताओं ने भारत-मॉरीशस सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जून 2024 में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में प्रविंद जगन्नाथ भी शामिल हुए थे। पीएम मोदी 11-12 मार्च तक मॉरीशस की यात्रा पर हैं।



पीएम मोदी पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथी शामिल होना है। इससे पहले, पीएम मोदी ने एक्स के जरिए मॉरीशस के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं। समारोह में भाग लेने सहित आज के कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। पीएम मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुइस में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भारत-मॉरीशस के बीच विशेष संबंध बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशने पर विचार किया था। मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने मोदी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन दिए जाने का ऐलान किया। पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह किसी देश की ओर से पीएम मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में मॉरीशस के पीएम ने यह ऐलान किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मॉरिशस के लोगों ने, यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला किया है।

## मस्क के सपोर्ट में ट्रंप ने खरीद ली टेस्ला कार, कीमत जान हर कोई हैरान!

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला का समर्थन करते हुए हाल ही में कंपनी की एक नई कार खरीदी है। इसकी कीमत लगभग 76,880 डॉलर (करीब 67 लाख रुपये) बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की एक साथ तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दोनों एक टेस्ला कार के सामने खड़े हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने यह टेस्ला कार एलन मस्क की मदद से चुनी है। मस्क, जिन्हें ट्रंप के 'गवर्नमेंट एफिशिएंसी डिपार्टमेंट (DOGE)' का नेतृत्व करते हुए बताया गया है, ने ट्रंप के लिए टेस्ला कारों की पूरी श्रृंखला प्रस्तुत की।

बताया जा रहा है कि ट्रंप ने लाल रंग की Model X को चुना और उसे 'काफी सुंदर' बताया। मस्क ने उन्हें बुलेटप्रूफ डिज़ाइन वाली साइबरट्रक भी दिखाई। एक मौके पर जब ट्रंप टेस्ला की स्पीड का परीक्षण कर रहे थे, तो मस्क उनके साथ यात्री सीट पर बैठे थे और मजाक में कहा कि यह सब देखकर सीक्रेट सर्विस को हार्ट अटैक आने वाला है।

ट्रंप का यह टेस्ला खरीदना ऐसे समय में हुआ है जब टेस्ला के शेयर बाजार में गिरावट का सामना कर रहे हैं। इसे टेस्ला और एलन मस्क के प्रति समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। पिछले तीन महीनों में टेस्ला के शेयरों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट आई है, और अकेले सोमवार को 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेस्ला को हाल के महीनों में बिक्री में भी कमी का सामना करना पड़ा है, जिसमें यूरोप में 45 प्रतिशत, जर्मनी में 76 प्रतिशत और चीन में 11.5 प्रतिशत की गिरावट शामिल है। टेस्ला के शेयरों में गिरावट के कारण एलन मस्क की संपत्ति में भी कमी आई है।

## पुर्तगाल : लुइस मोंटेनेग्रो की गिरी सरकार, संसद में नहीं हासिल कर पाए जरूरी मत

लिस्बन (आरएनएस)। पुर्तगाली प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो संसद में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए, जिससे उनकी सरकार गिर गई। एक साल से भी कम समय तक चली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा।

इसमें भाग लेने वाले 224 सांसदों में से केवल मोंटेनेग्रो की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी), पीपुल्स पार्टी (सीडीएस-पीपी) और लिबरल इनिशिएटिव ने उनका समर्थन किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशलिस्ट पार्टी (पीएस), दूर-दराज़ चेगा, लेफ्ट ब्लॉक (बीई), कम्युनिस्ट पार्टी (पीसीपी), लिवरे और पैन के एकमात्र सांसद ने उनके खिलाफ़ मतदान किया।

सटीक वोटों की गिनती तुरंत उपलब्ध नहीं थी, लेकिन संसद के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको ने कहा कि केंद्र-दक्षिणपंथी सरकार हार गई।

सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी) के नेतृत्व वाली दो-पक्षीय गठबंधन सरकार, जो एक साल से भी कम समय से सत्ता में है, के पास मौजूदा 230 सीटों वाली विधायिका में सिर्फ़ 80 सीटें हैं। विपक्षी सांसदों के भारी बहुमत ने इसके खिलाफ़ मतदान करने की कसम खाई थी।

पुर्तगाल के संविधान के तहत, विफल विश्वास मत के लिए सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है। मोंटेनेग्रो का प्रशासन अब एक कार्यवाहक क्षमता में काम करेगा, जो केवल आवश्यक और ज़रूरी मामलों को संभालेगा।

राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा से संसद को भंग करने और अचानक चुनाव कराने की उम्मीद है, जिसके बारे में उन्होंने पहले सुझाव दिया था कि यह 11 मई या 18 मई को हो सकता है।

मोंटेनेग्रो ने अपने कार्यकाल के दौरान दो पिछले विश्वास प्रस्तावों के बाद, खुद ही विश्वास मत की पहल की। एक पारिवारिक स्वामित्व वाले व्यवसाय से जुड़े हितों के टकराव के घोटाले के कारण उनका नेतृत्व सवालों में घिर गया था।

## न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ये प्रदर्शन मध्य पूर्व, कॉलेजों में विरोध और आव्रजन से जुड़ी नीतियों के खिलाफ थे।समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर वाशिंगटन पार्क से लोअर मैनहट्टन स्थित सिटी हॉल तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पिछले शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के लिए 400 मिलियन डॉलर की फेडरल फंडिंग को रद्द कर दिया था। उन्होंने यह फैसला यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने के आधार पर लिया था। इसके साथ ही, प्रशासन ने अन्य विश्वविद्यालयों की भी समीक्षा शुरू कर दी है।कोलंबिया विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट छात्र महमूद खलील को शनिवार को विश्वविद्यालय के होस्टल से अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था।अमेरिका के स्थायी निवासी खलील ने बीते साल अप्रैल में शुरू हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खलील के वकील के अनुसार, खलील की पत्नी एक अमेरिकी नागरिक है और आठ महीने की गर्भवती है, उन्हें भी आईसीई से धमकियां मिली हैं।

## नासा ने चलाया ब्रह्मास्त्र अब ब्रह्मांड का रहस्य जान सकेगी दुनिया

### -नया स्पेस टेलीस्कोप आकाशगंगाओं पर रखेगा नजर, बनाएगा नक्शा

वॉशिंगटन (ए)। अब अंतरिक्ष में एक और कारनामा होने रहा है। अब आसमान की पूरी तरह से मैपिंग हो सकेगी। लाखों गैलेक्सी यानी आकाशगंगाओं पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए नासा ने अपने ब्रह्मास्त्र को अंतरिक्ष की सैर पर भेजा है। नासा का सबसे नया स्पेस टेलीस्कोप मंगलवार को कक्षा की ओर रवाना हो गया है। इसे इसलिए बनाया गया है ताकि यह पूरे आकाश का नक्शा ऐसा बना सके, जैसा पहले कभी नहीं बना। यह सैकड़ों-करोड़ों गैलेक्सीज यानी आकाशगंगाओं और समय की शुरुआत से लेकर अब तक उनकी कॉस्मिक चमक पर एक व्यापक नजर डालेगा।

स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फेयरएक्स ऑब्जर्वेटरी यानी वैधशाला लॉन्च की है। यह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से उड़ान भरेगा। इसके साथ ही सूरज का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के चार उपग्रह भेजे हैं। 48.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्फेयरएक्स मिशन का उद्देश्य यह है कि अरबों सालों में आकाशगंगा कैसे बनीं और कैसे विकसित हुईं और ब्रह्मांड का विस्तार अपने पहले क्षणों में इतनी तेजी से कैसे हुआ।



हमारी अपनी मिल्की वे आकाशगंगा में स्फेयरएक्स ऑब्जर्वेटरी तारों के बीच बर्फ के बादलों में पानी और जीवन की अन्य सामग्रियों की तलाश करेगा, जहां नए सौर मंडल उभरते हैं। शंकु के आकार का स्फेयरएक्स का वजन 1,110 पाउंड यानी 500 किलोग्राम है। यह एक बड़े पियानो के वजन के बराबर है। यह अपनी इन्फ्रारेड आंखों और देखने के व्यापक क्षेत्र के साथ पूरे आकाश का नक्शा बनाने में छह महीने लगाएगा। दो सालों में पूरे आकाश के चार सर्वेक्षणों की योजना है, क्योंकि टेलीस्कोप 400 मील यानी 650 किलोमीटर ऊपर ध्रुव से ध्रुव तक दुनिया भर में चक्कर लगाएगा। स्फेयरएक्स, नासा के बड़े और अधिक विस्तृत हबल और वेब स्पेस टेलीस्कोप की तरह आकाशगंगाओं को बारीकी से नहीं देख पाएगा, क्योंकि उनमें देखने का क्षेत्र बहुत ही संकरा है। गैलेक्सियों की गिनती करने या उन पर ध्यान रखने के बजाय स्फेयरएक्स उन सभी से निकलने वाली सभी चमक का जायजा लेगा, जिसमें ब्रह्मांड बनाने वाले बिग बैंग के मद्देनजर बनने वाले शुरुआती आकाशगंगाएं भी शामिल हैं।

इस मिशन के मुख्य वैज्ञानिक जेमी बॉक ने कहा कि यह ब्रह्मांड संबंधी चमक ब्रह्मांडीय इतिहास में उत्सर्जित सभी प्रकाश को पकड़ती है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड को देखने का एक बहुत ही अलग तरीका है। इससे वैज्ञानिकों को यह देखने में मदद मिलेगी कि अतीत में प्रकाश के किन स्रोतों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि कलेक्टिव ग्लो यानी चमक से वैज्ञानिक शुरुआती आकाशगंगाओं से प्रकाश निकालने और यह जानने की उम्मीद करते हैं कि वे कैसे बनीं।

# खेल समाचार

## स्वितोलिना, एंड्रीवा, स्वीयाटेक इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

इंडियन वेल्स(आरएनएस)। यूक्रेन की 23वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बारिश का सामना करते हुए 5-7, 6-1, 6-2 से नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व इंडियन वेल्स सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी शुरुआती असफलताओं को भुलाकर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया और अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो 2021 के बाद से उनका पहला मैच था।

कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में धुंध भरे दिन पर, स्वितोलिना और पेगुला को तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश के कारण लंबे समय तक खेल में देरी का सामना करना पड़ा। यह स्वितोलिना ही थी जो बीच में अपनी आंखों में आग लेकर वापस आई। उसने पेगुला को पीछे धकेल दिया और जीत के साथ आगे निकल गई।

पेगुला ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्टिन खिताब जीतने के बाद इंडियन वेल्स में प्रवेश किया, लेकिन स्वितोलिना शीर्ष पर रही, जिसने अपने करियर की आठ भिड़ंत में पेगुला पर अपनी तीसरी जीत हासिल की।

स्वितोलिना, जो 2019 के बाद पहली बार टेनिस पैराडाइज में क्वार्टर फाइनल में है, का सामना मीरा एंड्रीवा से होगा, जिसने तीन सप्ताह में दूसरी बार एलेना रिबाकिना को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

17 वर्षीय रूसी एंड्रीवा का रेगिस्तान में यह सफर दुबई चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के तुरंत बाद शुरू हुआ, जिसने उन्हें 2007 के बाद से शीर्ष 10 में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बना दिया।इससे पहले, इगा स्वीयाटेक ने 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पोल ने तीन राउंड में केवल छह गेम गंवाए हैं, जो मोनिका सेलेस के इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के दौरान सबसे कम गेम गंवाने के रिकॉर्ड की बराबरी करता है, जिसमें कम से कम तीन मैच खेले गए हैं।इस प्रक्रिया में, स्वीयाटेक तीन इंडियन वेल्स ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर रही हैं, और 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद से यहां खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली महिला बनेंगी।

## गंभीर मसूरी में पंत की बहन की शादी में शामिल होंगे; संगीत समारोह में धोनी, रैना ने किया डांस

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मसूरी, देहरादून में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी में शामिल होंगे। सोमवार को मेहंदी समारोह के साथ मसूरी में शादी का जश्न शुरू हो चुका है। मंगलवार को पूर्व कप्तान एमएस धोनी, सुरेश रैना और पंत जैसे भारतीय क्रिकेट सितारों ने संगीत समारोह में डांस फ्लोर पर धमाल मचा दिया। इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में धोनी और रैना को लोकप्रिय सूफी गीत दमा दम मस्त कलंदर पर अपने डांस मूव्स दिखाते हुए देखा जा सकता है।धोनी अपनी पत्नी साक्षी के साथ समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार को देहरादून पहुंचे, जबकि रैना अपनी पत्नी प्रियंका के साथ थे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के भी शादी समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।पंत, जो दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, सोमवार सुबह भारत आए और जश्न मनाने के लिए परिवार के सदस्यों में शामिल हुए।

## रोहित का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब उनका लक्ष्य 2027 विश्व कप खेलना है



### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब है कि उनका लक्ष्य 2027 पुरुष वनडे विश्व कप खेलना है। रोहित ने भारत के कप्तान के रूप में अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीता, जब टीम ने दुबई में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। पिछले साल बारबाडोस में विश्व कप जीतने के बाद जिस तरह से उन्होंने टी20 प्रारूप से संन्यास लिया था, उसी तरह से रोहित के वनडे से संन्यास लेने की अफवाहें चल रही थीं।

लेकिन कप्तान, जिन्होंने 76 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द फाइनल का पुरस्कार जीता, ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन सभी बातों को खारिज कर दिया। जब आप अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके संन्यास का इंतजार कर रहा होता है।पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, और मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं जितना उन्होंने (फाइनल में) खेला है, तो मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। और मुझे लगता है, तथ्य यह है कि उन्होंने ऐसा कहा, मेरे लिए, इसका मतलब है कि उनके दिमाग में अगले (50 ओवर) विश्व कप (2027 में) में खेलने का लक्ष्य होना चाहिए।रोहित ने भारत को घरेलू धरती पर 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबले में पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।पोंटिंग का मानना है कि 2027 वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम की कमान संभालने के रोहित के फैसले के पीछे अधूरा काम होने की भावना हो सकती है, जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शायद यह तथ्य कि वे पिछला मैच हार गए थे और वह कप्तान थे, शायद यही बात उनके दिमाग में चल रही है। टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे विश्व कप जीतने की कोशिश में बस एक और मौका है। मेरा मतलब है, जब आप उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल की तरह खेलते हुए देखेंगे, तो आप यह नहीं कहेंगे कि उनका समय अभी खत्म हो गया है।

## अगर बुमराह को फिर से वहीं चोट लगी तो यह उनके लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है : बॉन्ड

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अगर जसप्रीत बुमराह के पीठ पर फिर से उसी जगह चोट लगती है, जहां उनकी सर्जरी हुई थी तो यह न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड के अनुसार बुमराह के करियर के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बॉन्ड का करियर भी लगातार पीठ की चोटों के कारण समय से पहले समाप्त हो गया था।

बुमराह ने इस साल की शुरुआत में सिडनी में न्यू ईयर टेस्ट के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। इस मैच के दूसरे दिन बुमराह स्कैन के लिए मैदान से बाहर गए थे। पहले इसे पीठ की ऐंठन बताया गया था, लेकिन बाद में यह एक स्ट्रेस फ्रैक्चर निकला, जिसके कारण वह हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। बुमराह इस समय बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं और उनकी पूरी फिटनेस को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है कि वह आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए खेलेंगे या नहीं।बॉन्ड ने मुंबई इंडियंस के लिए कई वर्षों तक बुमराह के गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। उनका मानना है कि बुमराह के कार्यभार को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करना होगा ताकि उनकी चोट फिर से न उभर जाए। वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच के रूप में भारत में मौजूद बॉन्ड ने बताया कि जैसे ही बुमराह सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन केवल पांच ओवर गेंदबाजी करने के बाद स्कैन के लिए गए, उन्हें शक हो गया कि यह स्ट्रेस से जुड़ी हुई चोट है।

## अफरीदी बोले, पीसीबी प्रमुख अपने पास खेल के जानकारों को रखें



लाहौर (ए)। पाकिस्तन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी से कहा है कि वह अपने करीब ऐसे अनुभवी लोगों को रखे जिन्हें खेल की जानकारी हो। अफरीदी ने कहा कि नकवी ने पीसीबी का कार्यभार संभालने के बाद से ही खेल को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है पर उनके आसपास नौकरशाह हैं जो बाधाएं पैदा कर रहे हैं। पाक टीम का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। टीम टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरणों में ही बाहर हो गई। चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान होने का भी टीम लाभ नहीं उठा पायी।

अफरीदी ने कहा, मैंने कुछ दिन पहले लाहौर में चेयरमैन साहब से मुलाकात की। जिस प्रकार से उन्होंने मैदानों में सुधार किया है, वह अच्छा कदम है। गद्दाफी स्टेडियम में किया गया काम काफी अच्छा और सुंदर है। उन्होंने अच्छा काम किया है और वे आगे भी काम करना चाहते हैं पर उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें क्रिकेट के बारे में कुछ नहीं पता। तब मैंने उन्हें कहा कि जब आपको क्रिकेट के बारे में नहीं पता तो आपको अच्छे तकनीकी लोगों के साथ काम करना चाहिए जिनका खेल से कुछ संबंध हो। आज चयन समिति और निदेशकों में जो चेहरे हम देख रहे हैं वे क्रिकेट नहीं जानते। वे सभी नौकरशाह रहे हैं। उनका क्रिकेट से क्या नाता है? वे चयन समिति में क्यों बैठे हैं? वे घरेलू क्रिकेट सिस्टम क्यों चला रहे हैं जो उन्हें आता नहीं है? हर कोई पाकिस्तान टीम को देख रहा है, टीम को बेहतर बनाने आपको घरेलू क्रिकेट संरचना को मजबूत करना चाहिए। मैंने उनसे कहा, ' कि मुझे कोई पद नहीं चाहिये पर अगर आपको मेरी जरुरत हो तो मैं सहायता के लिए तैयार हूं।

## आईएमएलः इंडिया मास्टर्स गुरुवार को पहला सेमीफाइनल खेलेंगे

रायपुर, (आरएनएस)। श्रीलंका मास्टर्स, इंडिया मास्टर्स, वेस्टइंडीज मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने पहले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इंडिया मास्टर्स, जो अपने पांच लीग मैचों में आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, गुरुवार को रायपुर में पहला सेमीफाइनल खेलेगा। वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेंगे।

श्रीलंका मास्टर्स, जो आठ अंकों और बेहतर नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, शुक्रवार को रायपुर में दूसरे सेमीफाइनल में लीग चरण में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स और इंग्लैंड मास्टर्स के बीच आज बाद में रायपुर में खेले जाने वाले आखिरी लीग मैच के बाद अंक तालिका में तीसरा और चौथा स्थान स्पष्ट हो जाएगा।

## मैं आईपीएल में खिलाड़ियों को रिलीज करने के नियम को बदल दूंगा



### -बटलर के जाने पर सैमसन ने कहा

नई दिल्ली, (आरएनएस)।आईपीएल 2025 सीजन से पहले, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि उनके करीबी दोस्त, विकेटकीपर-ओपनर जोस बटलर को जाने देना उनके लिए सबसे मुश्किल काम था और अगर उनके पास आईपीएल में कोई नियम बदलने की शक्ति होती, तो वह खिलाड़ियों को कभी रिलीज न करने देते।

आरआर ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरोन हेटमायर को रिटेन किया, जिसका मतलब था कि उनके पास बटलर को रिटेन करने के लिए कोई स्लॉट नहीं था, जो अब 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सीजन में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलेंगे।

आईपीएल आपको एक टीम का नेतृत्व करने और उच्चतम स्तर पर खेलने का अवसर देता है, लेकिन यह आपको घनिष्ठ मित्रता बनाने का भी अवसर देता है। जोस बटलर मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं। हमने सात साल तक एक साथ खेला, एक लंबी बल्लेबाजी साझेदारी बनाई। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते थे और हमेशा संपर्क में रहते थे। वह मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह थे।जब मैं कप्तान बना, तो वह मेरे उप-कप्तान थे और टीम का नेतृत्व करने में मेरी मदद करने में उन्होंने बहुत बड़ी भूमिका निभाई। उन्हें जाने देना मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक रहा है। इंग्लैंड सीरीज के दौरान भी, मैंने उन्हें डिनर पर बताया था कि मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाया हूं। अगर मैं आईपीएल में एक चीज बदल सकता, तो मैं खिलाड़ियों को रिलीज करने के नियम को बदल देता।

# फाल्गुन पूर्णिमा होलिका उत्सव की तैयारी पूरी मुख्यालय पर 200 से अधिक स्थानों पर जलेगी होली

## युवाओं टोली कर रही होली मनाने की तैयारी, बाजार में बढ़ी रौनक

नर्मदापुरम (निप्र)। होलिका उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी हर तरफ जारी है। त्योहार के चलते बाजार भी गुलजार है। बच्चों के साथ युवाओं में विशेष उमंग बनी हुई है। शहर में 200 से अधिक स्थानों पर होली के डांडे गड़ चुके हैं। आज फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर शाम को होलिका दहन वाले स्थानों पर मोहल्ले के लोगों के द्वारा पूजन अर्चन के बाद देर रात में होलिका का दहन किया जाएगा।



### कई स्थानों पर जलेगी कंडे और गोकाष्ठ की होली

शहर के अनेक स्थानों पर कंडों के साथ ही गोकाष्ठ की होली मनाने की परंपरा बनती जा रही है। जिसमें शहर के प्रमुख स्थान ग्वालटोली, रसूलिया के इच्छापूर्ति महादेव मंदिर, श्रीराम चौक न्यू जय स्तंभ के पास, जुमेराती, होली चौक, के साथ ही नर्मदा तट पर महाआरती समिति के द्वारा कंडों की होली जलाई जाएगी। हर मोहल्ले और हर कालोनी की अपनी होली के चलते जगह- जगह होलिका दहन किया जाने लगा है।

### उत्साह से मनेगा होली का त्योहार

रंग के पर्व होली के अवसर पर कुछ लोगों ने अभी से रंग गुलाल लगाना शुरू कर दिया है। बस स्टेंड सहित अनेक कार्यालयों के बाहर शुक्रवार को अनेक लोगों के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाई जा रही थी।

### आज सजेंगे डांडे वाले स्थान

शहर के अनेक स्थानों पर आज सुबह से होलिका दहन वाले स्थानों पर डांडे को सजाया जाएगा। साफ सफाई कर वहां पर कंडे रखे जाएंगे। पूर्णिमा पर शाम के समय मोहल्ले के लोगों के द्वारा होली वाले स्थान पर पूजन का क्रम शुरू हो जाएगा। यह क्रम देर शाम तक जारी रहेगा। देर रात में होलिका दहन होगा।

### कंडे और नारियल की होली

शहर के अनेक स्थानों पर इस बार भी कंडे की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें वरिष्ठजनों के साथ युवा भी सहयोग कर रहे थे। पर्यावरण को बचाने के संदेश देने वाले अनेक लोगों ने शहर के अनेक स्थानों पर कंडे और गोकाष्ठ की होली जलाने की व्यवस्था की। कुछ स्थानों पर कंडे के साथ नारियल की होली भी जलाई जाएगी जिसमें जय स्तंभ सतरस्ता और रसूलिया शामिल है।

### बच्चों में विशेष उत्साह

होली के पर्व पर मस्ती के मूंड में बच्चे ज्यादा नजर आ रहे हैं अनेक बच्चों ने एक दिन पूर्व से ही नई-नई पिचकारियां बुलवाना शुरू कर दी है। बाजार में पिचकारी की दुकाने सजी हुई हैं। पिचकारी रंग और गुलाल की बिक्री के साथ ही घरों में पकवान बनाने का क्रम जारी है। इसलिए बच्चों में त्योहारी उत्साह बना हुआ है।

### 14 को मनेगी धुलेंडी

होली के मुख्य त्योहार धुलेंडी के अवसर पर 14 को शहर के अनेक स्थानों पर जुलूस के रूप में युवाओं की टोली निकलती रही हैं। शहर के अनेक मोहल्लों में युवाओं की टोली तथा कालोनियों में उत्साह के साथ होलिका उत्सव मनाया जाएगा।

### बाजार में बनी हुई है रौनक

होली के त्योहार के चलते बाजार में दो दिन पूर्व से ही अच्छी खासी रौनक बनी हुई है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने बातया कि होली का उत्साह नजर आ रहा है। घर में बनने वाले पकवान की सामग्री की खूब बिक्री हुई है। मुख्य बाजार क्षेत्र में भी पर्व का महौल बना हुआ है। बाजार सजे हुए हैं।

# एक दूसरे को गुलाल लगाकर क्षत्रिय मराठा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



नर्मदापुरम (निप्र)। क्षत्रिय मराठा समाज की मातृ शक्ति द्वारा आज नेहरू पार्क में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर श्रीमती सुशीला वाइसकर श्रीमती प्रीति आगौन श्रीमती सुशीला चव्हाण, श्रीमती छमा मराठा, श्रीमती चंपा बाई, श्रीमती उज्वला चव्हाण मानसी, कांची आदि सामाजिक लोग एवं नन्हें मुन्नहें बच्चे भी उत्साह के साथ शामिल हुए।

# कलेक्टर सोनिया मीना ने विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की अधिकारियों को शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए



नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में आबकारी, क्षेत्रीय परिवहन (आरटीओ), खनिज, पंजीयन एवं वाणिज्यिक कर विभाग की राजस्व वसूली एवं प्राप्तियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिनों में वसूली की कार्यवाही को गति प्रदान की जाए और निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर ने बताया कि विभाग ने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है। इसके साथ ही, जिले में 3 करोड़ 58 लाख रुपए की अवैध मदिरा जब्त की गई और 46 वाहनों को भी जप्त किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 के दौरान 9 34(2) के अंतर्गत विभिन्न प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि अनफिट वाहनों पर नियमित कार्रवाई जारी रखी जाए और नगर पालिका के साथ समन्वय स्थापित कर जाम एवं अवैध पार्किंग की समस्या के समाधान हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति की मासिक एवं त्रैमासिक बैठकों का नियमित आयोजन करने के निर्देश भी दिए। पंजीयन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें।

# मुख्य त्यौहारों पर दिव्यांग बच्चे अपनी रचनाशीलता और लगन से सीखते हैं आत्मनिर्भरता के गुण

## होली के लिए दिव्यांग बच्चों ने बनाया हर्बल गुलाल




नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में बौद्धिक दिव्यांगों के लिए संचालित डॉ ऐनी बेसेंट विशेष विद्यालय आवासीय छात्रावास मालाखेड़ी में संस्था के दिव्यांग बच्चों ने अपनी मेहनत के दम पर अपनी कला को निखारा है। ये बच्चे हर पर्व पर अपनी रचनाशीलता का प्रदर्शन करते हैं और उससे उपार्जन भी करते हैं। डॉ एनिबेसेन्ट विशेष विद्यालय आवासीय छात्रावास की संचालिका की श्रीमती आरती दत्ता के अनुसार संस्था पिछले 25 वर्षों से दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण दे रही है। यहां बच्चों को रक्षाबंधन पर राखी, होली पर रंग और दीपावली पर दीये बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं का कहना है कि इन बच्चों को समय.समय पर देश. विदेश में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए चल रही विभिन्न पहल की जानकारी दी जाती है। उनकी कला और पेंटिंग में रुचि को देखते हुए उन्हें रोजगार कौशल में निपुण बनाया जा रहा है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। अब ये बच्चे हर त्योहार में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं।

### स्टॉल लगाकर बेचते हैं अपने उत्पाद

संस्था की प्राचार्य श्रीमती सुनीता गौर के अनुसार बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल लगाए जाते हैं। इस बार होली के लिए भी कई विभागों से संपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन बच्चों के बनाए उत्पाद खरीद सकें और उन्हें प्रोत्साहन मिल सके।

## *17 मार्च तक बढ़ाई गई चना, मसूर पंजीयन की अवधि*

*सीहोर,( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अन्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर की पंजीयन की अवधि 17 मार्च तक बढ़ा दी गई है। पहले पंजीयन की अंतिम तिथी 10 मार्च निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 17 मार्च कर दिया गया है। जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बुवाई की हो वह अपना पंजीयन शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन समय के अनुसार निर्धारित लिंक में जाकर स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर, पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी केन्द्र अथवा एम.पी. ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए किसानों को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।*

# भारत निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

## आयोग ने राष्ट्रीय और प्रदेशस्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव

नर्मदापुरम(निप्र)। भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और प्रदेशस्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव भी मांगा है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को सख्ती से कानूनी दायरे के भीतर हल करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।राजनीतिक दल, 28 हितधारकों में से एक है, जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, निर्वाचन संचालन नियम, 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जरी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# शासन के निर्देशानुसार उपार्जन प्रक्रिया प्रारंभ करनें के लिए आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चि की जाए : कलेक्टर सोनिया मीना

नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी उपार्जन प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्धारित तिथि के अनुसार उपार्जन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए तथा उपार्जन केंद्रों के निर्धारण की स्थिति की समीक्षा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि आज शाम तक निश्चित संख्या के अनुसार गोदामों के प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन की नीति के अनुसार ही गोदामों का निर्धारण किया जाए, जिससे उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने गत वर्ष के खरीदी केंद्रों एवं जेवीएस गोदामों की स्थिति का आंकलन भी किया।

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की एसडीएम तथा अन्य अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को निश्चित संख्या अनुसार गोदामों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

## नगर पालिका की निगरानी टीम ने की कार्रवाई

सीहोर (निप्र)। शहर की प्यास बुझाने वाले जमुनिया डैम, काहिरी डैम, भगवान पुरा से इन दिनों किसान जम कर पानी उलीच रहे हैं। हालात यह हैं कि सभी जलाशय में पानी का स्तर तेजी से कम हो रहा है। वहीं नगर पालिका की निगरानी टीम कार्रवाई कर रही है। इसके लिए नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बोटिंग के माध्यम से पानी का इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई भी शुरू। बुधवार को नगर पालिका के उपयंत्री वैभव लोवनिया और तिलक वर्मा आदि ने 10 हार्स पावर की मोटर जप्त करने की कार्रवाई की है।शहर में हर साल पानी की सप्लाई के लिए तीन तालाब जमुनिया, भगवानपुरा और काहिरी बांध में पानी आरक्षति किया जाता है। लोग तालाब में मोटर पंप लगाकर पानी ले रहे हैं। समय रहते यदि पानी की चोरी पर रोक नहीं लगी तो गर्मी के दिनों में जलसंकट हो सकता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शहर में पेयजल के लिए आरक्षति तालाबों के पानी की चोरी रोकने के लिए नपा हर साल पानी की चोरी रोकने के लिए एक टीम का गठन करती है। इस बार भी नपा ने तालाबों से पानी की चोरी रोकने के लिए टीम का गठन किया है। जिससे अच्छे परिणाम सामने आ रहे है।

# नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

नर्मदापुरम (निप्र)। वार्ड क्रमांक 17 प्रोफेसर कालोनी में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि उक्त नाली का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा सीमा पूरा करें। निरीक्षण के दौरान वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का वार्ड में सड़क और नाली निर्माण को लेकर आभार व्यक्त किया। ध्यान रहे कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर में अनेक विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में सीसी रोड, डामर रोड और नाली निर्माण किया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि हमारी परिषद द्वारा नगर विकास के कार्य तेजगति से किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास यही हमारा मंत्र है। इसके आधार नगर के सभी 33 वार्डों में नाली निर्माण, सड़क निर्माण और पेवर ब्लाक लगाए जा रहे हैं।

# द चैम्प्स फन स्कूल में होली का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल में प्री प्राइमरी के बच्चों ने होली का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने बहुत ही सुरक्षित व प्राकृतिक रंगों से एक दूसरे को रंग व होली के गीतों पर नृत्य किया साथ ही शाला शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ हर्बल होली खेली व एक दूसरे को रंग लगाया। इस अवसर पर शाला डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी व प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने बच्चों को होली के बारे में बताया और समझाया कि यह त्यौहार प्रेम सौहार्द और आपसी भाई.चारे का प्रतीक है उन्होंने बच्चों को प्राकृतिक रंगों के उपयोग और पानी की बचत के महत्व पर जोर दिया। शाला प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने यह बताया कि होली का त्यौहार न केवल मनोरंजन का स्त्रोत है बल्कि यह हमें हमारे संस्कृति व विरासत से जोड़ने और सामाजिक मूल्यों को सीखने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है बच्चों ने इस पल में उत्सुक नजर आए। उनके चेहरे पर खुशी एवं उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

# कमिश्नर ने केसला के दूरस्थ अंतिम छोर के ग्राम कोहदा एवं लाल पानी का भ्रमण किया

>>> पुरानी और छोटी-छोटी जल संरचनाओं के जीणोद्धार करने के दिए निर्देश

>>> कोहदा में गूगल इमेज से ईल मशीन लगाकर पानी का स्तर पता करने के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को अपने प्रशासनिक अम्ले के साथ केसला विकास के दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर स्थित ग्राम कोहदा एवं वनग्राम लालपानी का भ्रमण किया। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम कोहदा की ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं जिसमे विशेषतौर पर भीषण गर्मी के दौरान पेयजल की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम के 21 हैंडपंप में से 9 हैंड पंप में जल का स्तर कम पाया। इसी के साथ उक्त 9 हैंडपंप में मटमैले पानी की समस्या भी सामने आई साथ ही जल स्तर कम होने के कारण उनमें से मात्र आधे घंटे तक ही पानी मिलता है यह भी ज्ञात हुआ। भ्रमण के दौरान ज्ञात हुआ कि गांव में एकमात्र कुआं यादव मोहल्ले में है जिसमें पर्याप्त पानी है किंतु वह भी लगातार चलने पर सूख जाता है, तथा झिर से कुएं में पानी भरने में समय लगता है। गांव में कुछ लोगों के पास निजी कुएं तो है किंतु उनमें भी अल्प पानी ही प्राप्त होता है।कमिश्नर श्री तिवारी ने ईई पीएचई श्री चतुर्वेदी को निर्देश दिए कि वह ग्राम कोहदा में यादव मोहल्ले के कुएं का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण करवाए जिससे की जलस्तर को बढ़ाया जा सके। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए की पुरानी एवं छोटी-छोटी जल संरचनाओं में सुधार कार्य भी करवाया जाए एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। उन्होंने यादव मोहल्ले के कुए के आसपास मुंडेर बनाने के लिए भी निर्देश दिए जिससे कि भविष्य में कोई दुर्घटना ना घटित हो।कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि गूगल इमेज के माध्यम से सर्वे करवा कर एवं ईल मशीन लगाकर गांव में जल स्त्रोतों की संभावनाओं को तलाशा जाए ताकि वहां ट्यूबवेल का खनन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि ग्राम में दो ट्यूबवेल खनन पूर्व में ही फेल हो चुके हैं। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम के 21 हैंड पंप में से 9 हैंडपंप में जलस्तर की स्थिति ठीक नहीं है। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि उक्त हैंड पंपों में राइजर पाइप बड़वाकर एवं आवश्यक साफ-सफाई करवाये तथा इन हैंड पंप में सुधार कार्य पूरी प्राथमिकता से किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव की सीसी रोड में शोल्डर नहीं बनाए गए हैं जिससे वाहन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Chief Engineer (Generation), Stps, P.O., Sarni
Distt. Betul (Mp), Pin : 460447, Fax : (07146) 278466, Phone : 278422

**"THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites tenders from reputed/established Contractor/Firm only as per details given below for STPS, MPPGCL, Sarni. These tenders are being processed through e-tendering system. For viewing detailed NIT and participating in Electronic Tenders, please visit the website **www.mptenders.gov.in**

| Tender No. | Particulars | Date & Time of Closing of Online Submission | Date & Time of E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| CWT-4848/ TID-2025_ MPPGC_ 401014 | Annual work of operation of pump valves etc. installed in surface tank and ganon tank situated at sector no. 6 and its watch and ward for facilitating water supply to colony area under sector no. 3 to 7 and providing the service of unskilled man power for watch/ward including semi-skilled person for site office works at civil site officers in sector no. 3 to 7 at DEF type colony campus at STPS, Sarni | 21.03.2025 Up to 15:00 Hrs. | 25.03.2025 From 15:30 hrs. onwards |
| WT-4822/ TID-2025_ MPPGC_ 393242 | Round the Clock work of assistance in various operation work of Unifilter Plant AB & C type Domestic Water Supply and Purolator Plant for domestic water supply i.e. operation of Pumps/Valves, backwash of filter, dozing of Chemicals, Collection of domestic water samples etc. at STPS, MPPGCL, Sarni | 23.03.2025 Up to 15:00 Hrs. | 01.04.2025 From 15:30 hrs. onwards |

"Save Energy and for free Fly Ash supply, Contract No." 9425611055
M.P. Madhyam/119212/2025 SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*